इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -79 | राजनांदगांव, रविवार 04 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# लालकृष्ण आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न सम्मान

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने का ऐलान किया है. कला, साहित्य, विज्ञान, समाज सेवा और खेल के क्षेत्र में देश के लिए असाधारण योगदान देने वाले लोगों को भारत रत्न से नवाजा जाता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिये जाने पर खुशी जाहिर की है. लालकृष्ण आडवाणी 5 बार लोकसभा और 4 बार राज्यसभा से सांसद रहे हैं. 3 बार भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भी रहे चुके हैं लालकृष्ण आडवाणी. 2002 से 2004 तक वह देश के उपप्रधानमंत्री भी रहे हैं.

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मुझे यह बताते हुए बेहद हर्ष हो रहा है कि श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा. मैंने उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी. हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है. उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है. उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई. उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं. लालकृष्ण आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को कराची (अब पाकिस्तान) में हुआ था. 2015 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था. 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 7वें उप-प्रधानमंत्री रहे. वह भाजपा के फाउंडर मेंबर्स में शामिल हैं. आडवाणी के राजनीतिक करियर की शुरुआत 1942 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता के रूप में हुई थी. यहां से उन्होंने देश के उपप्रधानमंत्री तक का सफर तय किया.



**मेरे जीवन के आदर्शों-सिद्धांतों का सम्मान, भारतरत्न के ऐलान के बाद भावुक हुए लालकृष्ण आडवाणी**

## मैं इस सम्मान को स्वीकार करता हूं- आडवाणी

वहीं भारत रत्न के एलान के बाद 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी ने कहा कि मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ इस सम्मान को स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का सम्मान है जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवनभर सेवा की है। उन्होंने कहा कि आदर्श वाक्य यह जीवन मेरा नहीं है, यह मेरे राष्ट्र के लिए है ने मुझे प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि आज मैं दो लोगों (पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी) को कृतज्ञतापूर्वक याद करता हूं, जिनके साथ मैंने काम किया है। साथ ही उन्होंने इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपने परिवार के सभी सदस्यों, अपनी दिवंगत पत्नी कमला के प्रति अपनी गहरी भावनाएं व्यक्त करता हूं।

# मोदी विपक्ष को डराकर राज करना चाहते हैं - खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महंगाई, बेरोजगारी और एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए शनिवार को प्रधानमंत्री नातेंद्र मोदी पर कड़ा प्रहार किया और कहा कि सबका साथ, सबका विकास के उनके नारे ने सबका सत्यानाश कर दिया है।



श्री खड़गे ने आज यहां गीता कालोनी के रामलीला मैदान में आयोजित 'न्याय संकल्प सम्मेलन' में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में न्याय के पांच स्तंभ लेकर निकले हैं। वह जनता के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। ऐसा कदम कभी किसी पार्टी के नेता ने नहीं उठाया। ये संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है और इसमें असफल हुए तो सबको तकलीफ होगी।

उन्होंने कहा आज हर अख़बार में मोदी की गारंटी के नाम से विज्ञापन छपता है। हर साल दो करोड़ नौकरियां देने और लोगों के खाते में 15-15 लाख रुपये देने के वादों को पूरा नहीं किया गया है। युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को धोखा हुआ है। दिल्ली में जो विकास हुआ वश सब कांग्रेस की देन है। सोनिया गांधी जी के समर्थन से शीला दीक्षित जी ने दिल्ली का विकास किया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई और बेरोजगारी को लेकर भी सरकार पर हमला किया और कहा कि विभागों में 30 लाख पद खाली हैं लेकिन मोदी सरकार नौकरियां इसलिए नहीं दे रही है क्योंकि इसमें आरक्षण से एससी-एसटी और ओबीसी के लोग आएंगे। हर घंटे एक किसान और दो नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। आम आदमी पर टैक्स और जीएसटी का भारी बोझ है। मोदी सरकार अमीरों को करोड़ों रुपये कर्ज दे रही है लेकिन किसानों को देने के लिए पैसा नहीं हैं। इन्होंने छोटे व्यापारियों को मदद का भरोसा दिया लेकिन कर्ज केवल भारतीय जनता पार्टी और स्वयंसेवक संघ के लोगों को दिया गया। कांग्रेस ने जो बनाया, भाजपा उसे बेच रही है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा लोगों की भावनाओं से खेलकर बांटो, राज करो की नीति पर चलती रही। वह भगवान को भी वोट बैंक के लिए इस्तेमाल कर रही है और सत्ता में ऐसे लोग बैठेंगे तो देश बर्बाद हो जाएगा।

# समन को बार-बार अनदेखा करना पड़ सकता है भारी, सीएम केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने कोर्ट में की शिकायत

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा बार-बार भेजे जा रहे समन और उसे अनदेखा करना दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ा सकता है। ईडी ने शनिवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।



ईडी ने दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरविंद केजरीवाल को पांच बार समन जारी किए हैं, लेकिन वो एक बार भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। इस कारण समन का पालन नहीं करने पर ईडी कोर्ट में मुख्यमंत्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मामले में कोर्ट ने कुछ दलीलें सुनने के बाद बाकी दलीलों को सुनने और विचार करने के लिए 7 फरवरी की तारीख तय की है। आबकारी घोटाले मामले में ईडी ने 31 जनवरी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास पांचवां समन भेजा। उन्हें दो फरवरी को बुलाया गया, लेकिन वो पेश नहीं हुए।

### पहले चार बार भेजे जा चुके हैं समन

अरविंद केजरीवाल को पिछले हफ्ते चौथी बार ईडी ने समन जारी किया था और 18 जनवरी को एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। बता दें कि केजरीवाल ने इससे पहले दो नवंबर और 21 दिसंबर और तीन जनवरी के तीन समन पर ईडी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था।

# महतारी वंदन योजना के लिए साय सरकार ने तय किए नियम और शर्तें, मार्च में मिलेगी पहली किश्त

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना एक मार्च से लागू हो जाएगी। इसके तहत महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से उनके खाते में भेजे जाएंगे। पहली किस्त अंतराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मिलेगी। इसके पहले पांच से 20 फरवरी तक आवेदन लिए जाएंगे। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले 'मोदी की गारंटी' का संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी कर महतारी वंदन योजना शुरू करने का वादा किया था।



### ये दस्तावेज जरूरी

स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### ऐसे चलेगी आवेदन की प्रक्रिया

04 फरवरी को पोर्टल www.mahtarivandan.cgstate.gov.in होगा लांच। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### ये होंगी अपात्र

परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता होने पर, परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय विभाग, उपक्रम, मंडल, स्थानीय निकाय में स्थायी, अस्थायी, संविदा पदों पर कार्यरत प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग, तृतीय वर्ग के अधिकारी व कर्मचारी हो। कोई भी सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद व विधायक और जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के बोर्ड, निगम, मंडल के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष व उपाध्यक्ष हो वह भी अपात्र होंगी।

### ये महिलाएं होंगी पात्र

राज्य की स्थानीय निवासी विवाहित महिला पात्र होंगी। 1 जनवरी 2024 महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना की पात्र होंगी। पेंशन वाली महिलाएं भी पात्र, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रुपये से कम पेंशन राशि प्राप्त होने की स्थिति में बाकी अंतर की राशि मिलेगी।

# राजिम कुंभ मेला: लौटेगी भव्यता... साधु-संत होंगे शामिल



**संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने ली बैठक**

गरियाबंद। धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को राजिम में राजिम कुंभ कल्प आयोजन के संबंध में बैठक ली। बैठक में गरियाबंद, रायपुर, धमतरी जिले के अधिकारी कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि, मेला समिति के सदस्यगण एवं नागरिक गण शामिल हुए। बैठक में मंत्री अग्रवाल ने कहा कि वर्षों बाद अयोध्या में श्री रामलला की घर वापसी हुई है। इसको पूरे देशभर में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने राजिम कुंभ कल्प को भी रामोत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ की भव्यता पुनः लौटेगी। और बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा।

राजिम कुंभ कल्प का आयोजन इस वर्ष 24 फरवरी से 8 मार्च तक किया जाएगा। इस दौरान तीन पुण्य स्नान होंगे। देशभर से बड़ी संख्या में नागा साधु संत भी कुंभ में आयेंगे। मंत्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की भव्य आयोजन के लिए सभी विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों की जानकारी लेकर निर्धारित समय में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री अग्रवाल ने गरियाबंद, रायपुर, धमतरी जिलों के अधिकारियों को समन्वय कर सात दिन के भीतर सभी विभागों द्वारा किए जाने वाले तैयारी की कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पांच साल बाद राजिम कुंभ की भव्यता लौट रही है इसलिए यहां विश्वस्तरीय साधु संतों बागेश्वर धाम बाबा पंडित धीरेंद्र मिश्रा एवं पंडित प्रदीप मिश्रा भी आयेंगे। मंत्री अग्रवाल ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी से तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने रायपुर से गरियाबंद निर्माणाधीन सड़क सहित छुरा, जतमई, घटारानी, धमतरी सड़क एवं राजिम महासमुंद जाने वाले सड़कों में चल रहे कार्यों की जानकारी लेकर निर्माण कार्यों को पूर्ण कर चलने लायक बनाने के निर्देश दिए।

साथ ही सड़को में उड़ने वाले धूल से बचाव के लिए लगातार पानी भी छिड़काव करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजिम तरफ जाने वाली सड़कों में गड्ढे न हो यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बिजली विभाग कुंभ मेला के दौरान लाइटिंग, ट्रांसफार्मर, जेनरेटर की व्यवस्था, सजावट, पुल पुलिया में रोशनी आदि के बारे में पूछा। साथ ही पर्याप्त बिजली आपूर्ति हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीएचई विभाग को मेला स्थल में पर्याप्त जलापूर्ति करने एवं लगभग 300 शौचालय निर्माण के निर्देश दिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# महादेव सट्टा: अमित-नितिन की रिमांड 14 दिन बढ़ी

रायपुर। शनिवार को 13 दिनों की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद महादेव सट्टा ऐप और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी नितिन टिबरेवाल और अमित अग्रवाल की रिमांड 14 दिन और बढ़ाई गई है। दोनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जस्टिस अजय सिंह राजपूत ने रिमांड बढ़ाने का आदेश दिया है। दोनों 14 दिन तक रायपुर की सेंट्रल जेल में रहेंगे।



महादेव सट्टा मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 12 जनवरी को नितिन टिबरेबाल और अमित अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद दोनों को 5 दिन 17 जनवरी तक की ईडी रिमांड पर भेजा गया। रिमांड पूरी होने के बाद 17 जनवरी को दोनों आरोपी को फिर कोर्ट में पेश किया गया।

सुनवाई के बाद स्पेशल कोर्ट ने दूसरी बार दोनों को 5 दिन की रिमांड में 22 जनवरी तक ईडी हिरासत में भेजा था। 22 जनवरी फिर पेशी में सुनवाई के बाद रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने नितिन और अमित को 13 दिन की ज्यूडिशयल रिमांड पर जेल भेजा था। नितिन टिबरेवाल और अमित अग्रवाल ने दुबई में प्रॉपर्टी खरीदी है। विदेशी कंपनियों में शेयर होल्डर भी है। जांच में अब तक ढाई करोड़ रुपए का हिसाब दिखा है अमित का भाई अनिल अग्रवाल महादेव ऐप में पार्टनर था।

वह दुबई से जो पैसे भेजता था उसे यहां रिसीव कर अमित अपने अकाउंटेंट के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करता था। महादेव सट्टा ऐप मामले में अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। 13 आरोपियों के खिलाफ बिना गिरफ्तारी का परिवाद पेश किया गया है। कोर्ट ने 24 फरवरी को 13 लोगों को कोर्ट में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है। अगर कोर्ट में पेश नहीं होंगे तो समन जारी किया जाएगा।

# विधानसभा में फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे हेमंत सोरेन, विशेष अदालत ने दी अनुमति

रांची। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पीएमएलए कोर्ट ने विधानसभा में 5 फरवरी को नई सरकार के लिए होने वाले फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की अनुमति दे दी है. सोरेन अभी न्यायिक हिरासत में हैं और शनिवार से ईडी उन्हें पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है.



हेमंत सोरेन झारखंड विधानसभा में बरहेट विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं. उन्हें 31 जनवरी की रात ईडी ने रांची के जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया था. हेमंत सोरेन की ओर से शनिवार को ही पीएमएलए कोर्ट में अर्जी दाखिल कर आग्रह किया गया कि उन्हें 5 फरवरी को 11 बजे एक घंटे के लिए विधानसभा में मौजूदगी की अनुमति दी जाए.

इस अर्जी पर बहस के दौरान सोरेन और ईडी दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें पेश की. हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने कोर्ट में पूर्व में पारित किये गये कई आदेशों की नजीर पेश की. दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने हेमंत सोरेन को फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की इजाजत दे दी. रांची की एक विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच फरवरी को राज्य विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दे दी.

### घोटाले में फंसने से सोरेन की कुर्सी गई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोरेन को दस दिन की हिरासत में देने का अनुरोध गुरुवार को किया था. तब अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था. सोरेन को धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सात घंटे तक पूछताछ के बाद 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी से पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नारायणपुर के जंगलों में दो नक्सली ढेर, हथियार और शव बरामद; शिनाख्त में जुटी पुलिस

नारायणपुर। ओरछा थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर के जंगलों में शुक्रवार देर शाम पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो अज्ञात नक्सली ढेर हो गए। मुठभेड़ में सुरक्षा बल किसी प्रकार से हताहत नहीं हुए। पुलिस ने मौके से हथियार और शव बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार, नेलनार एरिया कमिटी सचिव अरब ऊर्फ कमलेश, नेलनार एलओएस कमांडर सोमडू, माड़ डिवीजन सप्लाई इंचार्ज सपना, सन्नू एवं अन्य की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की थी। मौके पर डीआरजी बस्तर फाइटर द्वारा सर्चिंग की गई। अज्ञात नक्सली की शिनाख्त की जा रही है।

# अलग कमरा... पुलिस का पहरा... खास इंतजाम, हैदराबाद में झारखंड के विधायकों को खरीद-फरोख्त से बचाने में जुटी कांग्रेस

हैदराबाद। झारखंड के कांग्रेस विधायकों को खरीद-फरोख्त से बचाने के लिए यहां एक रिजॉर्ट में उनके खानपान के लिए अलग स्थान, कमरों की पहरेदारी की खातिर पुलिस कर्मी और कई अन्य इंतजाम किये गए हैं. पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी. झारखंड से विधायक दो फरवरी को एक निजी उड़ान से यहां पहुंचे थे. उन्हें यहां शामरीपेट स्थित 'लियोनिया होलिस्टिक डेस्टिनेशन ले जाया गया और सभी करीब 40 विधायकों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) सचिव और पार्टी की तेलंगाना प्रभारी दीपा दास मुंशी की निगरानी के तहत 'ओ बिज ब्लॉक में ठहराया गया है.



अनाधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए व्यापक और सावधानीपूर्वक तैयारी की गई है. विधायकों की भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त की संभावित चुनौती से निपटने के लिए यह कदम उठाया गया है. उदाहरण के लिए, रिजॉर्ट में जिस तल पर विधायकों का ठहराया गया है, वहां जाने के लिए केवल एक लिफ्ट का उपयोग किया जा सकता है. विधायक के अलावा केवल उपयुक्त अधिकृत व्यक्ति ही इसका इस्तेमाल कर सकते हैं.

### विधायकों तक पहुंच है बेहद मुश्किल

कोई भी व्यक्ति अन्य लिफ्ट या सीढ़ियों का उपयोग कर उस स्थान पर नहीं जा सकता जहां विधायकों को ठहराया गया है. पुलिस अधिकारी निकास और प्रवेश द्वारों की चौबीसों घंटे पहरेदारी कर रहे हैं. विधायकों को जिन कमरों में ठहराया गया है, उसकी पुलिस कर्मी पहरेदारी कर रहे हैं और अनाधिकृत निकास या प्रवेश वर्जित है. साथ ही, पहली मंजिल पर विधायकों के खानपान के लिए अलग स्थान निर्धारित किया गया है, जहां अन्य अतिथि नहीं जा सकते. डाइनिंग हॉल की भी पुलिस कर्मी कड़ी सुरक्षा कर रहे हैं.

### रिजॉर्ट में सादे लिबास में पुलिस कर्मी!

सूत्रों ने बताया कि मोबाइल फोन अब भी विधायकों के पास हैं और रिजॉर्ट में सादे लिबास में पुलिस कर्मी हैं. झारखंड में झामुमो नीत सत्तारूढ़ गठबंधन के करीब 40 विधायक शुक्रवार को विमान से तेलंगाना की राजधानी आए थे. विश्वास मत से पहले उनकी खरीद-फरोख्त करने का भाजपा द्वारा प्रयास किये जाने की आशंका के चलते यह कदम उठाया गया. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में आयुष्मान योजना के लिए तीसरी किस्त जारी: सोमवार से अस्पतालों को भुगतान

**स्वास्थ्य मंत्री बोले- जरूरत पड़ी तो नर्सिंग एक्ट में होगा बदलाव**

रायपुर। आयुष्मान योजना के लंबित भुगतान को लेकर निजी अस्पताल संचालकों ने अल्टीमेटम दे दिया है। इसी के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मंत्रालय में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी ली। और निर्देश दिया है कि राज्य में आयुष्मान भारत के योजना के अंतर्गत अनुबंधित अस्पतालों की सतत् मॉनिटरिंग की जाए। जिसके लिए राज्य नोडल एजेंसी के स्तर पर रिक्त प्रशासकीय एवं तकनीकी पदों की भर्ती शीघ्र किया जाए।

### 'शिकायतों पर सख्ती से कार्यवाही करें'

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बैठक में कहा कि जिन अस्पतालों द्वारा . (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा



चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल एवं केन्द्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों से शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राजभवन से जारी एक बयान के अनुसार श्री पुरोहित ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपना इस्तीफा भेज दिया। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में कहा, अपने व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ क प्रशासक के पद से अपना इस्तीफा देता हूं। कृपया इसे स्वीकार करें और उपकृत करें।

# ओवर ब्रिज में फंसी एम्बुलेंस, वाहनों की रही लम्बी कतारें

**स्टेशन पारा अंडर ब्रिज निर्माण कार्य मंथर गति से जारी... लोगों को हो रही परेशानी.... दुर्घटना का खतरा बढ़ा**

राजनांदगांव (दावा)। स्टेशन पारा रेल्वे फाटक बंद क्या हुआ लोगों को यातायात संबंधी परेशानी आफत मोल लेनी पड़ गई है। स्टेशन पारा, चिखली, अंडर ब्रिज निर्माण के पूर्ण रेल्वे फाटक को बंद कर दिए जाने की वजह से लोगों को मजबूरन ओवर ब्रिज का उपयोग करना पड़ रही है जिसमें वाहनों की अधिक आवाजाही होने की वजह से लोगों को हर पल जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।



बता दे कि रेल्वे ओवर ब्रिज की चढ़ाई अधिक होने की वजह से कई बार वाहने बिगड़ जाती है। जिससे ब्रिज उपर में वाहनों की कतारे लग जाती है। और लोग जाम में फसकर छटपटाते रह जाते। जानबा से स्टेशन पारा रेल्वे फाटक बंद होने की वजह से ओवर ब्रिज में लगातार वाहनों का दबाव बना रहता है। कल दोपहर डेढ़ बजे रेत से भरी डम्पर में अचानक खराबी आ गई जिससे डम्पर वही पर रूक गया। इसके आगे नहीं बढ़ पाने की वजह से ओवर ब्रिज के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। इसी बीच मरीज को लेकर पहुंची एंबुलेस को साइड नहीं मिलने के कारण जाम में फंस कर रह जाना पड़ा। जाम की सूचना मिलने के बाद ट्रेफिक सिपाही ओवर ब्रिज पहुंच कर बड़ी मशक्कत से रास्ता क्लीयर कराया और एम्बुलेंस को जाम से निकाला। इस दौरान ओवर ब्रिज से लेकर महावीर चौक निगम कार्यालय व चिखली तक वाहनों की कतार लगे होने के कारण लोग 20 मिनट तक जाम में फसे रहे।

### अंडरब्रिज निर्माण की गति धीमी

अमृत भारत योजना के तहत राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन के स्टेशन पारा रेल्वे क्रासिंग को बंद कर अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। गत वर्ष 1 अप्रैल से जारी उक्त निर्माण कार्य में बारिश, पानी, त्यौहार, पर्व आदि की छुट्टियों के चलते काफी विलम्ब हो रहा है। रही-सही विलम्ब का कार्य नगर निगम द्वारा पूरा करा दिया गया है। अंडर ब्रिज निर्माण कार्य में बड़ा पाइप लाइन आने की वजह से काम रूक गया है। निर्माण कार्य स्थल पर अभी भी तालाब की तरह पानी भरा हुआ है। इसके चलते कार्य गति नहीं पकड़ रही है। बता दे कि उक्त अंडर ब्रिज निर्माण कार्य एक वर्ष में पूरा किया जाना था। लेकिन बरसात सहित अन्य छुट्टिया आ जाने व नगर निगम का पाइप लाइन अवरोध बनने की वजह से अंडर ब्रिज निर्माण कार्य में बेवजह देरी हो रही है।

रेल्वे इंजीनियर व स्टेशन मास्टर श्री बर्मन ने बताया कि अभी अंडर ब्रिज के निर्माण कार्य में छह महिने का अवधि और लग सकता है। तब तक इस क्षेत्र के लोगों को स्टेशन पारा ओवर ब्रिज में यातायात जाम का शिकार होते रहना पड़ेगा। इससे उनमें दुर्घटना का खतरा भी बना रह सकता है।

# पुलिस ने बुजुर्ग के गुम टीवीएस को ढूंढकर किया सुपुर्द

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने बुजुर्ग व्यक्ति के गुम टीवीएस वाह्न को ढूंढ कर उसके सुपुर्द किए जाने से उसके खुशी का ठिकाना न रहा और उसने पुलिस को इसके लिए साधुवाद ज्ञापै किया है।



बताया जाता है कि शहर के वार्ड नया ढाबा निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति अपने वाहन को नया बस स्टैंड से मर्यादित बैंक के पास भूलकर स्टेट बैंक चला गया था। बाद में गाड़ी की याद आने पर वह परेशान हुआ।और पुलिस के पास मदद के लिए पहुंचा।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 3 जनवरी को बुजुर्ग व्यक्ति बुधराम वर्मा पिता स्वर्गीय दयाराम वर्मा उम्र 73 वर्ष ग्राम नया ढाबा, अपने घर से बैंक जाने के लिए निकला था । वह करीबन 11.30 बजे शहर पहुंचकर अपनी गाड़ी को नया बस स्टेण्ड से मर्यदित बैंक के पास भूल कर स्टेट बैंक चला गया ।

जब गाड़ी की याद आई तो मेरी गाड़ी चोरी हो गई है सोच कर पुलिस से मदद के लिए पुलिस कण्ट्रोल रूम आया था। बुज़ुर्ग की परेशानी को देखते हुए अभिषेक साहू द्वारा लम्बी मेहनत करीबन 4 घंटे सींसी टीवी फूटेज़ की मदद से खोजकर प्रार्थी को वापस दिया गया। प्रार्थी द्वारा उक्त मोटर साइकिल को पाकर पुलिस को भूरी भूरी प्रशंसा की है।

## पहला कॉलम...

### साईंस ओलंपियाड परीक्षाओं में एनपीएस पेण्ड्री के होनहार छात्र द्वितीय चरण तक पहुंचे

राजनांदगांव (दावा)। साईन्स ओलम्पियाड फाउंडेशन द्वारा 2023-24 में आयोजित विभिन्न विज्ञान स्पर्धा की विभिन्न परीक्षाओं में स्थानीय जिले की अग्रणी शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परीक्षाओं के द्वितीय चरण हेतु पात्रता प्राप्त की है। अंतराष्ट्रीय इंग्लिश ओलम्पियाड में संस्था में प्रतिभावान विद्यार्थियों कक्षा चौथी 'ब' के शुभ जैन, कक्षा पांचवी 'इ' की शिवांशी मांझी, कक्षा छठवी 'स' अद्विका जैन तथा आठवी 'अ' की वान्या मदान ने द्वितीय चरण की परीक्षा हेतु पात्रता प्राप्त की। अंतराष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड में संस्था के प्रतिभावान विद्यार्थियों कक्षा तीसरी 'स' की गीतविजय मोटवानी, कक्षा चौथी 'ब' के शुभ जैन, कक्षा पांचवी 'इ' की सन्निधि गोलछा, तथा कक्षा छठवी 'अ' अद्विका जैन ने अगले चरण की परीक्षा हेतु पात्रता प्राप्त की। अंतराष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में संस्था के प्रतिभावान विद्यार्थियों कक्षा तीसरी 'स' की गीतविजय मोटवानी, कक्षा चौथी 'द' के मनन कटियारा तथ लविश शर्मा, कक्षा पांचवी 'द' की सांची बोपचे, कक्षा छठवी 'ब' की वाणी श्रीवास्तव तथा कक्षा सातवी 'ब' की ज्वाला सिंह ने अगले चरण की परीक्षा हेतु पात्रता प्राप्त की। ये सभी होनहार विद्यार्थी आगामी दिनांक 11 फरवरी 2024 को द्वितीय चरण की परीक्षाओं में सम्मिलित होंगें।

### रिखीराम टेमर का निधन



बांधाबाजार (दावा)। रिखीराम टेमर निवासी पाण्डुका (आतरगांव) का शुक्रवार को हृदयघात से आकस्मिक निधन हो गया। जो गांव के कोटवार भी थे। उनका अंतिम संस्कार गांव में ही किया गया। जो राजीव कुमार टेमरे शा. प्राथमिक शाला दैहान के पिता जी थे। 4 फरवरी 2024 शुक्रवार को तीजनाहन, शांति पूजा रखा गया है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है।

### राजेन्द्र साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय नया ढाबा, शंकर नगर, वार्ड नं 4 निवासी राजेन्द्र साहू (53 वर्ष) का आज सुबह 8.30 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 2.30 बजे नया ढाबा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी श्रीमती मनी साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिवारजन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### जामबाई यादव का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम परसबोड़ निवासी जामबाई 70 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। श्रीमती जामबाई व्यवसायी लथमार यादव की माता थी। अपने पीछे भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गई। स्थानीय मुक्तिधाम परसबोड़ में उनकी अंतिम विदाई दी गई।

# स्वयं के आवास निर्माण के लिये 5 फरवरी तक निगम में दावा आपत्ति

**पात्र हितग्राहियों की सूची निगम सूचना पटल में**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान (बीएलसी) के तहत स्वयं के द्वारा आवास निर्माण के लिये राजनांदगांव नगरीय निकाय में कुल 9095 आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन 9095 स्वीकृति आवासों में शासन से प्राप्त निर्देशानुसार सन 2022 से पूर्व जितने भी आवास स्वीकृत हुए हैं उन स्वीकृत आवासों में जिन हितग्राही द्वारा रुचि ना दिखाते हुए अपने आवास निर्माण नहीं करने पर उनके स्वीकृत आवासों को निरस्त करने हेतु शासन को सूची के साथ नाम प्रेषित किया जाना है।

इस संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जिन हितग्राहियों के द्वारा आवास निर्माण के लिये रूचि नहीं ली जा रही है उसे निरस्त करने शासन को नाम प्रेषित किया जाना है। निरस्तीकरण हेतु नाम प्रेषित करने से पूर्व निकाय द्वारा सभी वार्ड पार्षदों को उक्त संबंध में जानकारी देकर हितग्राहियों से आवास निर्माण करने हेतु सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि उन चयनित हितग्राहियों जिनके द्वारा आवास निर्माण हेतु रुचि नहीं दिखाई जा रही है एवं अन्य कारणों से जिनके आवास निर्माण नहीं हो पा रहे हैं ऐसे सभी 435 हितग्राहियों के नाम दावा आपत्ति के रूप में सूची जारी करके निगम के सूचना पटल पर सर्वसाधारण के अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है। सूचना मिलने के उपरांत या जानकारी प्राप्त होने के बाद दावा आपत्ति के लिये सूची जारी की गयी है। इस सूची में जो भी हितग्राही अपना स्वयं का आवास का निर्माण करना चाहते हैं वे 5 फरवरी 2024 शाम 5 बजे तक निगम कार्यालय में अपनी सहमति के साथ उपस्थित होकर अपने स्वीकृत आवास को नाम काटने कि प्रक्रिया में से अपने आवास के नाम को हटवा कर अपना आवास निर्माण करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि उपरांत शासन को सूची प्रेषित की जावेगी।

# सड़क सुरक्षा माह में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, बांटे गए लायसेंस



**आकर्षक रंग बिरंगी रंगोली बनाकर जीते इनाम**

राजनांदगांव (दावा)। यातायात विभाग द्वारा 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन कर 88 लोगों को लायसेंस भी जारी किया गया।

बता दें कि सड़क सुरक्षा माह के बीसवें दिन पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 88 लोगो को लर्निंग लायसेंस जारी किया गया। बताया जा रहा है कि लर्निंग लायसेंस शिविर 04 एवं 05 फरवरी को भी जारी रहेगा। यातायात विभाग द्वारा बिना लायसेंसधारी लोगो से अपील की गई है कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठावें। लर्निंग लायसेंस बनवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज यथा - 10 वीं या 08 वीं मार्कशीट या पेन कार्ड, लोकल आईडी प्रूफ-आधार कार्ड या राशन कार्ड, 01 पासपोर्ट साईज फोटो लाना आवश्यक है।

### रंगोली प्रतियोगिता

सड़क सुरक्षा माह में स्कूली छात्राओं का रंगोली प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें युगान्तर पब्लिक स्कूल, रायल किड्स कॉन्वेंट, गुरूनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाईडनर मेमारियल स्कूल से 50 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। निर्णायक की भूमिका में रीतेश देवांगन (यामिनी कला केन्द्र,) व अन्य सहयोगी अजय चौरसिया, रेणुका साहू (युगान्तर पब्लिक स्कूल), सम्पा बख्शी (रायल किड्स कॉन्वेंट), ऋतु वैष्णव (गुरूनानक स्कूल) सीमा मिश्रा (दिल्ली पब्लिक स्कूल) सहयोगी रहें।

# प्रभु को पाना है तो बुजुर्गों व माता-पिता का सम्मान करों: कुलबीर



**शहर कांग्रेस अध्यक्ष डुमरडीह में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद भागवत में शामिल हुए**

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डुमरडीहखुर्द में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। भागवत पुराण के वृहद प्रांगण में प्रभु के अगाध स्नेह को पाने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल होकर भागवत कथा का रसपान किया।

ग्राम डुमरडीह खुर्द में वर्मा परिवार द्वारा 26 से 3 फरवरी तक नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। भागवताचार्य पंडित राजेन्द्र लोचन महाराज जी द्वारा भक्तों को भगवान द्वारकाधीश प्रभु श्यामसुंदर जी एवं देव पितरों की गाथा सुनाई। कथा सुनने रोजाना भक्तों की भीड़ लगी रही। गुरूवार 01 फरवरी को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल होकर भागवत कथा का रसपान करते हुए उपस्थित श्रोता समाज को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत ही भगवान है। भगवान को पाना है तो बड़े बुजुर्गों का सम्मान करों, अपने माता-पिता की सेवा करों। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि श्रीरामचरित मानस में वर्णन आता है कि विशुद्ध प्रभु प्रेम की भक्ति शबरी ने प्रभु राम के आगमन की उस समय तक श्रद्धाभाव से प्रतिक्षा की जब तक प्रभु श्रीराम ने भीलनी के झूठे बेरों का पूर्ण आनंद के साथ नहीं चखा।

ऐसे धार्मिक आयोजन की प्रासंगिकता तभी सार्थक होती है जब हम अपने समाज में एकता बांधे रखने में कामयाब होते हैं। कलयुग में ऐसी भक्ति भाव का होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम कराना और दिल से भक्ति भाव को जोड़कर रखना ये बड़ी बात है। इससे हमारे सनातन धर्म का प्रचार होता है साथ ही हमारे आने वाले पीढ़ियों को हमारे धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विरासत का ज्ञान होता है जो बेहद जरूरी है। ऐसे आयोजनों को हम सभी को मिलजुलकर करना चाहिए, धार्मिक आयोजनों से उत्पन्न धार्मिक वातावरण का लाभ उठाकर अपने जीवन को धर्म और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस महामंत्री योगेन्द्र वैष्णव, पार्षद मनीष साह, दिलीप वर्मा, श्रीमती उमा वर्मा, मनीष वर्मा, कोमल वर्मा, सतीश वर्मा, माया वर्मा, आशीष वर्मा, डॉली वर्मा, संजय, सांची, रामकुमार वर्मा, गजानंद वर्मा, केशव जंघेल, परमानंद वर्मा, दीपक वर्मा, शंकर वर्मा, राजेन्द्र, देवेन्द्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आज से महतारी वंदन योजना का आवेदन भरे जायेंगे



राजनांदगांव (दावा)। समस्त विवाहित माता बहनों के लिए खुशखबरी महतारी वंदन योजना प्रारंभ हो गया जिसका आवेदन 4 फरवरी 2023 से 20 फरवरी 2023 आवेदन कर सकते मार्च से महिला दिवस के अवसर प्रथम किस्त 1000 प्राप्त हो जाएंगी आप अपने सचिव ग्राम पंचायत, या आंगनबाड़ी के माध्यम से आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन से आवेदन कर सकते, आधार, बैंक पास बुक, निवास प्रमाण पत्र, पति का, आधार कार्ड, पैन कार्ड हो तो, विवाह प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, परित्यागता बहनें परित्यागता प्रमाण पत्र या विधवा बहनें पति का मृत्यु प्रमाण सबमिट करेंगे। जिला पंचायत राजनांदगांव के समस्त क्षेत्रवासियों से निवेदन समय पर आवेदन कर ऑनलाइन सिस्टम पोर्टल बंद होने के बाद आवेदन कर पाना मुश्किल होता है, सही टाइम पूर्ण कागजात जमाकर योजना का लाभ जरूर ले। 1000 हर महीना आपके खाते आयेंगे।

जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने बताया कि डॉक्यूमेंट लेकर ग्राम पंचायत में संपर्क अपने परिवार उन्नति की ओर विकास गति को बड़े महिला माता बने सक्षम मजबूत बने।

# हाकी टुर्नामिंट: पेट्रोलियम नई दिल्ली की लखनऊ पर एवं ईस्टर्न रेल्वे कोलकता की नवल टाटा पर 2-1 गोल से संघर्षपूर्ण जीत

**रेल्वे कोच फैक्ट्री कपूरथला ने सेंटर रेल्वे मुम्बई को 6-2 गोल से हराया**





राजनांदगांव (दावा)। आज के सबसे संघर्षपूर्ण व रोमांचक मुकाबले में स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली ने एनसीओई लखनऊ को एक के मुकाबले दो गोल से एवं पूल बी में ईस्टर्न रेल्वे कोलकता ने दिलचस्प मुकाबले में नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर को 2-1 गोल से एक अन्य खेले गये मैच में रेल्वे कोच फैक्टरी कपूरथला ने सेन्टर रेल्वे मुम्बई को 2 गोल के मुकाबले 6 गोल से हराकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के लीग राउंड में दो-दो अंक प्राप्त किये। स्पर्धा में आज जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक उपाध्याय, सीजेएम ओपी साहू, न्यायाधीश देवकुमार ठाकुर, आशीष भगत, स्टेडियम समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल, स्टेडियम समिति के प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, हॉकी छत्तीसगढ़ के सचिव मनीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी राकेश शर्मा, अब्दुल खान, नजीर भाई, छत्रपाल साव ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के छठवें दिन लीग राउंड के पहले मैच में ईस्टर्न रेल्वे कोलकता ने नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर को 1 गोल के मुकाबले 2 गोल से संघर्षपूर्ण मैच में पराजित करते हुए दो अंक प्राप्त किए। नवल टाटा अपने दोनों मैच हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई। मैच में दोनों ही टीमें प्रारम्भ से ही गोल करने के अवसर खोज रही थी। मगर पहला अवसर पहले क्वार्टर के 15वें मिनट में नवल टाटा को मिला। जहां उसके मनोहर मुंडू ने मैदानी गोल कर 1-0 गोल की बढ़त बना ली, लेकिन दूसरा क्वार्टर ईस्टर्न रेल्वे कोलकता के नाम रहा, जहां उसके समरथ प्रजापति ने 22वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया और 26वें मिनट में अभिषेक प्रताप सिंह ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर कोलकता को 2-1 गोल की बढ़त दिला दी, यह बढ़त मैच समाप्ति तक बनी रही। तीसरे व चौथे क्वार्टर में दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकीं।

दूसरे खेले गये एकतरफा मैच में रेल्वे कोच फैक्टरी कपूरथला ने सेन्टर रेल्वे मुम्बई को 2 गोल के मुकाबले 6 गोल से हराकर दो अंक प्राप्त किया। मैच के चौथे मिनट में मुम्बई ने पेनाल्टी स्टोक प्राप्त किया, जिसे विशाल पिल्ले ने गोल में तब्दील कर अपनी टीम को 1-0 गोल से आगे कर दिया था, लेकिन इसके बाद मैच के 12वें मिनट में कपूरथला के सिमरन जोत सिंह ने गोल कर अपनी टीम को 1-1 गोल की बराबरी पर ला खड़ा किया, लेकिन मैच का दूसरा, तीसरा व चौथे क्वार्टर में कपुरथला के खिलाडि़यों ने आक्रमक हॉकी खेली और मैच के 19वें व 28वें मिनट में करन पाल सिंह ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदलकर 3-1 गोल से अपनी टीम को आगे कर दीया था। कपूरथला की ओर से चौथा गोल 41वें मिनट में गौरवजीत सिंह ने पेनाल्टी कार्नर से 5वां गोल 53वें मिनट में रजिन कंडूलना ने 55वें मिनट में प्रदीप सिंह ने गोल कर स्थिति 6-2 पर ला कर निर्णायक बढ़त दिला दी। मुम्बई की ओर से दूसरा गोल 51वें मिनट में रूबेन केदारी ने किया था।

स्टार खिलाडियों से भरी पूरी पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली ने काफी तेज गति से खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में एनसीओई लखनऊ को एक के मुकाबले दो गोल से हराकर पूल ए में दो अंक प्राप्त किया। मैच में आज लखनऊ के युवा खिलाडियों ने दमदार पेट्रोलियम नई दिल्ली को मैच प्रारम्भ से कड़ी टक्कर दी, हालाकि मैच के पहले क्वार्टर के 15वें मिनट में पेट्रोलियम नई दिल्ली को पेनाल्टी कॉनर मिला, जिस पर अंगदबीर सिंह ने गोल में तब्दील कर अपनी टीम को 1-0 गोल से आगे कर दिया था। दूसरे क्वार्टर के 23वें मिनट में लखनऊ के अभिनव सिंह ने शानदार मैदानी गोल करते हुए मध्यांतर पूर्व मैच 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया। उत्तरार्ध के खेल में दोनों ही टीमें बढ़त बनाने संघर्ष करती रहीं।

इसी बीच खेल के 40वें मिनट में पेट्रोलियम के अंगदबीर सिंह ने शानदार मैदानी गोल करते हुए अपनी टीम को 2-1 गोल से आगे कर दिया। यही स्कोर मैच की समाप्ति तक बना रहा, हालाकि लखनऊ के खिलाडियों को भी गोल करने के अवसर मिले पर वे सफल नहीं हो सकें। आज के खेले मैच में श्री राजेश जैन द्वारा प्रदत्त मैन-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार पहले मैच में ईस्टर्न रेल्वे कोलकता के कुंजन टोपनो को, दूसरे मैच में आर्मी इलेवन के सुमित पाल सिंह को और तीसरे मैच में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली के गोलकीपर अंगदबीर सिंह को पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

### आज के मैच

पहला मैच दोपहर 12.45 बजे से ईस्टर्न रेल्वे कोलकता विरूद्ध आर्मी स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड नई दिल्ली

दूसरा मैच अपरान्ह 2.15 बजे से दक्षिण पूर्व रेल्वे कोलकता मुम्बई विरूद्ध पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली

तीसरा मैच अपरान्ह 3.45 बजे से सेल अकादमी राउरकेला विरूद्ध कस्टम पूणे

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.

455-4 378-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
साऊथ की रोमांस, एक्शन से भरपूर सुपर हिट हिन्दी भाषा में
सालार
कलाकार - प्रभास, श्रुति हासन, पृथ्वीराज कुमारन, टिनू आनंद जगपती बाबू, श्रिया रेड्डी आदि





ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
02nd Feb to 08th Feb 2024





Fighter - 12:30, 03:30 06:30 and 09:30 pm
Hanu-man - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए कोई भी पात्र महिला नहीं छूटना चाहिए - मुख्य सचिव अमिताभ जैन



**मुख्य सचिव ने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में कलेक्टर्स की बैठक ली**

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं धान खरीदी के भौतिक सत्यापन के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके क्रियान्वयन के लिए विशेष रूप से ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए हितग्राहियों की सुविधा का ध्यान रखने की जरूरत है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं तक पहुंचकर फार्म भरवाने की व्यवस्था कराना होगा। उन्होंने महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के लिए शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी दें, ताकि हितग्राही पात्रता के अनुरूप लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि शासन की इस महती योजना का लाभ लेने के लिए कोई भी पात्र महिला नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है, लेकिन पहले 15 दिनों में इस कार्य में गति लाना है। उन्होंने तीव्र गति से फार्म भराने के निर्देश दिए तथा शिविर के आयोजन के साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए एक कंट्रोल रूम बनाने के लिए कहा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी कलेक्टर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए हितग्रहियों को चिन्हांकित कर उन्हें प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में पोर्टल में हितग्राहियों का फार्म भराने तथा ऑनलाईन सत्यापन कराने के लिए कहा। उन्होंने लघु खनिज के लिए परिवेश पोर्टल में आवेदन अपलोड करने तथा पर्यावरण संबंधी अनुमति प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजनांतर्गत लघु उद्यम को बढ़ावा मिलेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि धान खरीदी के अंतिम दिन सभी कलेक्टर धान खरीदी का भौतिक सत्यापन जरूर कराएं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होगें। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके लिए तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर हितग्राहियों का चिन्हांकन करें। इसके बाद शिविर लगाकर फार्म भरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े समूह की महिलाओं को इस कार्य में शामिल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के अंतिम दिन भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत हितग्राहियों के चिन्हांकन के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए ऑनलाईन एवं ऑफलाईन पंजीयन लिए जाएंगे। 20 फरवरी तक आवेदन किया जा सकेगा। राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, जिला खनिज अधिकारी राजेश मालवे, जिला खाद्य अधिकारी भूपेन्द्र मिश्रा, उप संचालक जिला पंचायत देवेन्द्र कौशिक, ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रीराम द्वार में भरत का हुआ भव्य स्वागत

**प्रदेश भाजपा महामंत्री का प्रथम नगरागमन**



डोंगरगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के नवमनोनित प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा अपनी नियुक्ति के पहले ही दिन आज नगर पहुंचे। उनका यहां श्रीराम द्वार चौक में भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़े और मिठाईयां बांटी।

बता दें कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कल ही देर शाम अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें राजनांदगांव जिले से पूर्व छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रामजी भारती तथा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष को प्रादेशिक महामंत्री का नवीन दायित्व सौंपा है। श्री वर्मा को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपे जाने से उनके निवास विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं में जमकर उत्साह है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# आडवाणी को भारतरत्न मिलने से सिंधी समाज में खुशी की लहर छाई

राजनंदगांव(दावा)। देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को आज भारत रत्न से नवाजे जाने पर सिंधी समाज राजनांदगांव में हर्ष की लहर छा गई।

पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, घनश्याम दास गंगवानी एवं अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने अपने संयुक्त वक्तत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल की गहराइयों से धन्यवाद देते हुए कहा कि आज उनके समाज के सच्चे सपूत आडवाणी जी को भारत रत्न मिलने से समाज खुशी से फूला नहीं समा रहा है । इस सम्मान से पूरे सिंधी समाज का गौरव बड़ा है।

पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव अमर लालवानी एवं अर्जुन गंगवानी ने कहा कि आडवाणी जी ने अपनी प्रशासनिक क्षमता से देश के लोकतंत्र को मजबूत किया था, और देश की एकता अखंडता को बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी, इसलिए उन्हें भारतरत्न से सम्मानित करने पर पूरे समाज में खुशी की लहर छा चुकी है और सभी आनंदित होकर सरकार के निर्णय का स्वागत कर रहे हैं।

# बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में युवा कांग्रेसियो ने निकाली मशाल रैली



राजनंदगांव (दावा)। केंद्र की मोदी नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा चुनाव पूर्व प्रतिवर्ष 2 करोड़ बेरोजगार युवाओ को रोजगार देने का वादा पूरा न करने एवं प्रदेश भाजपा द्वारा किसानो को एक मुश्त 3100 रू देने में आनाकानी करने के विरोध में युवा कांग्रेस ने मशाल रैली निकाली 7 वहीं केन्द्र की मोदी सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

देश के लाखो बेरोजगार युवाओ की आवाज को बुलंद करने के उदेश्य से प्रदेश युवा कांग्रेस आकाश शर्मा के निर्देश पर जिला शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक तक सेकड़ो की तादात में उपस्थित युवा कांग्रेसी कार्यकर्ताओ की उपस्थिती में बढ़ती बेरोजगारी और न्याय का हक़ मिलने तक नारे के साथ युवा कांग्रेस ने मशाल रैली निकालकर केन्द्र की मोदी सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

एनएसयूआई प्रदेश सयुंक्त महासचिव राजा यादव ने कहा कि केंद्र कि सरकार के अब दिन पुरे हो गए है और आगामी लोकसभा चुनाव में देश कि जनता कांग्रेस कि सरकार केंद्र मे बनायेगी।

इस कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव मानव देशमुख , प्रदेश सचिव कुबेर वैष्णव , विशु अजमानी , राजा यादव , पवन राजपूत ,प्रवक्ता अभिमन्यू मिश्रा , जिला शहर उपाध्यक्ष एफज़ खान ,जिला शहर महासचिव सुनील कोठारी , महासचिव निखत परवीन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश पांड़े , पवन खाती, योगेस गुप्ता, संजय, प्रमोद, निखिल ,राकेश, शुभम प्रजापति, मिथलेश, मेहुल, यश जैन, सतविंदर, अरशद, अमित, नीरज, भावेश, शिवम्, तौसीफ, अभिषेक, राहुल एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे

# श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति पदुमतरा की आज बैठक



राजनांदगांव(दावा)। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति पदुमतरा में आज दिनांक 4 फरवरी, दिन रविवार, सुबह 10 बजे श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं राम कथा के संबंध में रूप रेखा तैयार करने हेतु आवश्यक बैठक रखा गया है। समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि 10 मार्च को श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा व 11 मार्च से रामकथा रखा गया है, जिसकी तैयारी हेतु मंदिर प्रांगण में आज बैठक आयोजित किया गया है।

# जिले का गौरव बनी ग्राम बघेरा की लक्ष्मी



उपरवाह (दावा)। 1 एवं 2 फरवरी2024 को इंस्पायर अवार्ड मानक 2022-23 हेतु जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कबीरधाम जिले में किया गया था जिसमें ग्राम बघेरा की मिडिल स्कूल की छात्रा कुमारी दामिनी देवांगन एवं कुमारी लक्ष्मी साहू ने शिक्षिका श्रीमती मधुलिका विश्वकर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। दोनों ही छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

दामिनी ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जल प्रदूषण रोकने पर आधारित मॉडल एवम लक्ष्मी साहू ने ऊर्जा संरक्षण पर आधारित मॉडल बनाया जिसे सभी निर्णायको द्वारा सराहा गया। इसी मॉडल हेतु लक्ष्मी साहू को राज्य स्तर पर चयन किया गया जिले से लगभग 200 छात्र-छात्राओं के मॉडल प्रदर्शन के लिए कबीरधाम गए थे जिनमें से 15 छात्रों को राज्य स्तर के लिए चयन किया गया उसमें से एक ग्राम बघेरा की लक्ष्मी साहू रही। छात्रा कि इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत बघेरा के सरपंच हरीश देशमुख, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुर्जन लाल देवांगन एवं समस्त सदस्यों तथा संकुल प्राचार्य श्रीमती सैमुअल मैडम, संकुल समन्वयक गुफरान, मोहम्मद सिद्दीकी एवं समस्त शाला परिवार ने छात्र की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# हमर क्लीनिक स्टेशन पारा में सिकलसेल एनीमिया जांच शिविर में 108 लोगों ने कराया निःशुल्क जांच



राजनांदगांव (दावा)। शहर उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली की मांग पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी अशोक बंसोड़, कार्यक्रम प्रबंधक (शहरी) पूजा मेश्राम द्वारा आज हमर क्लिनिक अस्पताल स्टेशन पारा में निःशुल्क सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें 0 वर्ष से 40 वर्ष तक के नागरिकों का सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई, जिसमें 108 लोगों की निःशुल्क जांच किया गया, जिसमें 3 लोग पॉजिटिव आए एवं 105 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आयी। इस दौरान स्वास्थ विभाग से डॉ. प्रियंका रानी आर्य, स्टाफ नर्स-नलिनी सागरे, एएनएम धनेश्वरी साहू, लैब टेक्नीशियन प्रशांत जांगड़े, एमपीडब्ल्यू.रूपेश पिसदा, जेएसए-इलेश सोनकर, मितानिन-चमेली यादव, बिलकिस खान, संतोषी नागवंशी, विद्या मेश्राम, देवकी यादव, हेमलता वर्मा उपस्थित थे। समस्त वार्डवासियों ने निःशुल्क शिविर में जांच कराया। यह जानकारी शहर उत्तर ब्लाक के प्रवक्ता हितेश गोन्नाडे ने दी।

# महापौर ने किया मोहारा मेला स्थल में चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण



**श्रमिक बढ़ाकर कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के दिये निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा मोहारा मेला स्थल में मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत विकास कार्य एवं सौदर्यीकरण कराया जा रहा है, जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर श्रमिक बढ़ाकर कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश तकनीकि अधिकरियों को दिये। मोहारा मेला स्थल में चल रहे निर्माण कार्य का पूर्व पार्षद अवधेष प्रजापति के साथ जायजा लेकर महापौर श्रीमती देशमुख अब तक के कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती व उप अभियंता तिलक राज ध्रुव ने जानकारी दी कि मंच व शौचालय निर्माण कार्य किया जा रहा है, हाई मास्क लाईट लगायी गयी है, शेष कार्य निर्माणाधीन है। महापौर श्रीमती देशमुख ने अधिकारियों से कहा कि कार्य में प्रगति लाने श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जावे, जिससे समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण हो सके ताकि इस वर्ष के मोहारा मेला में नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि नागरिकों की मांग पर मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 2 करोड़ रूपये की लागत से मोहारा मेला स्थल में विकास कार्य कराया जा रहा है, जिससे मेला स्थल में सीमेन्ट कांक्रिटिंग रोड, इंटरलॉकिंग, मंच, प्रवेश द्वार, शौचालय, निर्माण के अलावा विद्युतीकरण कर सौन्दर्यीकरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रतिदिन कार्य का निरीक्षण करे, ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ कार्य करने निर्देशित करे। समय समय पर कार्य की प्रगति से उच्च अधिकारियों को अवगत करावे।

# दीक्षा ताम्रकार ने योगासन स्पर्धा में राजनांदगांव का लहराया परचम



राजनांदगांव (दावा)। श्री रावतपुरा सरकार विश्व विद्यालय रायपुर में बीते 2 फरवरी को आयोजित खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव में विविध स्पर्धाओं के अंतर्गत योगासन प्रतियोगिता में संस्कारधानी नगरी की होनहार बेटी दीक्षा ताम्रकार नें एक बार फिर से अपना परचम लहराते हुए ट्रेडिंशनल योगासन स्पर्धा आयु वर्ग 16-22 में स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया है। दीक्षा एक के बाद एक कई योगासन स्पर्धाओं में भाग लेकर अपना परचम लहरा चुकी है। दीक्षा उक्त स्पर्धा में राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली और एकमात्र महिला योगासन खिलाड़ी है, जिसने ऐसी किसी स्पर्धा में भाग लिया और स्वर्ण पदक भी जीता है। इतना ही नही राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिता (महिला योगासन स्पर्धा स्मिता, साई सेंटर जबलपुर) में भी राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र महिला खिलाड़ी है। दीक्षा आगामी 28 मार्च से 30 मार्च तक भिलाई में आयोजित होने वाली एकल वर्ग की राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजनांदगांव की एकमात्र खिलाड़ी है। गत वर्ष 17 अक्टूबर 2023 को आयोजित राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में दीक्षा नें स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिये अपनी दावेदारी सुनिश्चित की थी। दीक्षा के इस चयन से उनके कोच, साथी खिलाड़ियों और परिजनों में खुशी का माहौल है। दीक्षा, श्रीमती ममता ताम्रकार और सिलोच ताम्रकार की सुपुत्री है, और दिव्य ज्योति योग क्लास और दिशा योग राजनांदगांव में योगाचार्य किशोर माहेश्वरी के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है और स्थानीय दिग्विजय महाविद्यालय की प्रतिभावान छात्रा है।

# युगांतर के प्रायमरी के बच्चों ने किया ठगड़ा डैम का शैक्षणिक भ्रमण

राजनांदगाँव (दावा) । भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल के प्राइमरी कक्षा के नन्हें विद्यार्थियों ने दुर्ग में स्थित ठगड़ा डैम का शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण दो वर्गों में आयोजित किया गया। पहले वर्ग में कक्षा चौथी व पाँचवी के विद्यार्थियों ने गत 24 जनवरी तथा दूसरे वर्ग में पहली से तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने 27 जनवरी को शैक्षणिक भ्रमण किया।



उन्होंने वहाँ स्थित इसरो केन्द्र तथा कलाकृतियों को देखा। इसके अलावा उन्होंने प्राकृतिक छटा के बीच विविध झूलो का आनन्द उठाया। जब बच्चे इसरो केन्द्र में चन्द्रयान की गतिविधियों को देख रहे थे, तब बच्चे 'वाव, वाव' कह रहे थे। बच्चे शिक्षक-शिक्षिकाओ के साथ विविध गेम भी खेले। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों के लिए स्वरुचि भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इसका भी बच्चों ने लुत्फ उठाया। इस अवसर पर बच्चों ने सुंदर नृत्य करके अपनी खुशियों का इजहार किया। प्राइमरी विभाग की शिक्षिकाओं ने इन विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफलतापूर्वक संचालित करने में पी आर ओ दिनेश प्रताप सिंह तथा प्रायमरी की कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका श्वेता मुंदड़ा ने अपने विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने कहा कि नन्हें विद्यार्थियो ने ठगड़ा डैम का शैक्षणिक भ्रमण करके अपनी बाल सुलभ अठखेलियों का सुन्दर परिचय दिया है। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों को प्राकृतिक सुंदरता से परिचित करने के उद्देश्य से यह शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस तरह के रचनात्मक आयोजन से विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं।

प्राइमरी कक्षाओं में नित नए प्रगति परक इन कार्यक्रमों की सफलता पर संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

# महाविद्यालयीन प्राचार्यो की अग्निवीर वायुसेना भर्ती संबंधी बैठक संपन्न



राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित अग्निवीर वायुसेना भर्ती संबंधी बैठक आज 3 फरवरी को दोपहर 2 बजे, कलेक्ट्रेट सभागृह में आहूत की गई। जिले के शासकीय/ निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को आमंत्रित कर अग्निवीर वायुसेना भर्ती हेतु अधिकाधिक आवेदन पत्र कैसे भरवायें जायें एवं आने वाली कठिनाईयों को महाविद्यालय स्तर पर कैसे निराकरण किया जाये, इसकी जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि अग्निवीर वायुसेना भर्ती के आन लाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 6/ 2/ 2024 है । समस्त आवेदकों से अपील की जाती है कि वे अपना आधार कार्ड , सफेद बैक ग्राऊण्ड का फोटोग्राफ जिसमें हाथ में स्लेट पकडे हुए हो । स्लेट पर आवेदक का नाम लिखा हो बायें हाथ के अंगूठे का निशान लिया जायेगा। साथ ही आवेदकों को कहा गया है कि वे अधूरा फार्म ना भरें फार्म पूर्ण होने पर फार्म की रसीद अवश्य ही प्राप्त कर लेवें । इस संबंध में आवेदकों को महाविद्यालय के प्राचार्यो से सम्पर्क करने की बात कही गई है।

सर्व महाविद्यालय के नोडल अधिकारियों को यह जानकारी आज के इस बैठक में प्रदान की गई है। पंजीयन करने वालों को ध्यान रखने की आवश्यकता है कि हम यदि 5 तारीख को बच्चों को फॉर्म भरने के लिए महाविद्यालय में पंजीयन करते हैं तो सामान्य कुछ जानकारियां बच्चों को पहले से ही आप दे देवे द्य पंजीयन करने हेतु मुख्य रूप से उनके अंक सूची, आधार कार्ड की कॉपी उनका एक निश्चित साइज 10द्मड्ढ की फोटो ग्राफ्स , उनका साइन , उनके अंगूठा का निशान और इसके साथ ही इससे जुड़ी हुई जानकारियां बच्चों को पहले उनके दस्तावेज देखने के बाद ही उनके आवेदन की पंजीयन प्रारंभ करें जिससे बीच में किसी प्रकार के पंजीयन करने में उस बच्चे का दिक्कत ना हो । साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है कि यदि किसी प्रकार का टैटू उसके शरीर पर है तो विशेष परिस्थिति पर ही उनको इस पंजीयन में अनुमति प्राप्त हो सकती है । यदि वह कोई विशेष जनजाति समूह का बच्चा हो जिसके दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हो उन्ही जनजातियों के बच्चों को एक विशेष स्थान तक के ही टैटू की अनुमति होगी इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे।

बैठक में इस बाबत अपनी बातों को जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे ने भी रखी। उन्होंने इस बारे में सबसे सहयोग की अपील की अधिक से अधिक पंजीयन जिले में बच्चों से करवाई जाए ,जिससे बच्चों में देश सेवा की भावना प्रबल हो। साथ ही आज की बैठक को जिला रोजगार अधिकारी श्री राजोरिया जी ने भी संबोधित किया तथा उन्होंने भी पंजीयन संबंधित जानकारी से सभी को अवगत कराए।

बैठक में अग्नि वीर के बारे में विस्तार से जानकारी मनोज मरकाम सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा के द्वारा दी गई। इस बैठक में सभी नोडल प्राचार्य शासकीय निजी महाविद्यालय जिला राजनांदगांव की उपस्थिति रही और सभी ने एक स्वर में कलेक्टर को आश्वस्त किया है कि सोमवार तक अधिक से अधिक पंजीयन उनके महाविद्यालयों से अग्नि वीर वायुसेना भर्ती के लिए बच्चों से कराई जाएगी।

## अनमोल दावा

**“ पराजय तब नहीं होती जब आप गिर जाते हैं, पराजय तो तब होती है जब आपब उठने से इन्कार कर देते हैं।**

## सम्पादकीय

# झारखण्ड: चंपई सोरेन सरकार बना पायेंगे?

बिहार में अतंतः भाजपा और जेडीयू याने नीतीश कुमार की पार्टी की युति की सरकार रच गई। वहां उप मुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार की सरकार नाटकीय रीत से गिर गई और शाम तक में नीतीश सरकार पुनः रच गई। कुछ थोड़ा बहुत इसी से मिलता जुलता व्यायाम झारखण्ड में भी दिखाई दिया। वहां भाजपा का आपरेशन लोटस चल रहा है। फिलहाल तो विकल्प के रूप में चंपई सोरेन ने शपथ ले ली है। दस दिनों के भीतर चंपई सोरेन को अपना बहुमत सिद्ध करना है। कांग्रेस का समर्थन उनके साथ है। सब कुछ ठीकठाक रहा तो वहां चंपई सोरेन सरकार बनाने में कामयाब रहेंगे। उधर, ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया और न्यायालय से 5 दिनों की रिमान्ड प्राप्त कर उससे पूछताछ चालू रखी है। सोरेन पर सेना की मालिकी की लगभग साढ़े चार एकड़ जमीन की खरीदी का काण्ड और मनी लाण्डरिंग का आरोप है। गत दिन दिल्ली में उनके निवास स्थान में पड़े छापे में छत्तीस लाख रूपए नगद और एक मंहगी बेनामी कार जप्त की गई थी। इस कार्यवाही के बाद सोरेन ने अपने विधायकों की बैठक बुलाकर और सरकार बचाने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया था। इस पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के प्रतिक्रिया में कहा था कि अगर हम सभी विपक्षी नेता चोर हैं तो आप कहां साहुकार हैं? उसने भाजपा पर कटाक्ष किया था। सोरेन को गिरफ्तार करने गई टीम के सामने उनके ठेकेदारों ने जिस प्रकार ऊहापोह मचाया था, उस पर भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। जांचोंपरान्त इस केस में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और राजस्व विभाग के डिप्टी कमीश्नर सहित 14 लोगों की गिरफ्तारी की गई थी। ये सभी हेमंत सोरेन के भ्रष्ट कार्यो में मददगार थे।

इस सिक्के का दूसरा चित्र यह कि राजनैतिक गलियारों में तो चर्चा ही है कि केन्द्र की भाजपा सरकार ईडी और सीबीआई के द्वारा विरोधियों को या तो मैनेज कर रही है या फिर उनको निपटाने में लगी है। देखना है कि जेएमएम और कांग्रेस की चंपई सोरेन की सरकार निर्धारित समय में अपना बहुमत साबित कर पाती है नहीं? भाजपा गिद्धदृष्टि लगाए है। भाजपा पर्दे के पीछे खेल खेलने में माहिर है। चुनावी रणनीति बनाने में भी बेजोड़ है।




# ट्रक ड्राइवरों से मुंह की खाई

*हिट एंड रन कानून को ले कर मोदी सरकार बैकफुट पर आ गई है. ट्रक ड्राइवरों के हड़ताल पर जाते ही ऐसा हड़कंप मचा और चक्काजाम की ऐसी स्थिति बनी कि सरकार को तुरंत नया कानून वापस लेने का ऐलान करना पड़ा. पिछले 9 सालों में मोदी सरकार ने कई ऊलजलूल कानून बना कर जनता पर जबरन थोपने के प्रयास किए और बारबार उन्हें वापस लेने की शर्मनाक हालत का सामना किया. अभी चंद दिनों पहले कुश्ती संघ में भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह की अश्लील हरकतों व अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों के यौनशोषण का मामला सुर्खियों में था. इस मामले ने मोदी सरकार की खूब फजीहत करवाई. मगर अपने नेता को गिरफ्तार कर जेल में डालने की हिम्मत सरकार नहीं दिखा पाई.*

### किसान आंदोलन सड़क पर

अंतर्राष्ट्रीय फलक पर देश का नाम चमकाने वाली महिला खिलाड़ियों को जिस तरह दिल्ली की सड़कों पर पुलिस द्वारा घसीटा और पीटा गया, उस को देख कर पूरे देश का सिर शर्म से झुक गया. उस के बावजूद बृजभूषण पर कोई आंच नहीं आई और उस की सरपरस्ती में कुश्ती संघ का अगला चुनाव हुआ जिस में बृजभूषण के नजदीकी को अध्यक्ष चुना गया. सरकार को शर्म तब आई जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों ने अपने सम्मान और पुरस्कार वापस करने शुरू किए. सरकार तब चेती जब खिलाड़ी अपने सम्मान मोदी के घर के सामने सड़क पर पटक आए, तब जा कर कुश्ती संघ का चुनाव रद्द करने के आदेश निकले. इस से कुछ और पहले चलें तो 3 नए कृषि कानूनों को वापस लेने पर जिस अपमानजनक स्थिति का सामना मोदी सरकार ने किया था, वह भाजपा के इतिहास का सब से काला अध्याय है. मोदी सरकार कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए बड़े जोरशोर से 3 कृषि कानून लाई थी जिन के खिलाफ देशभर का किसान सड़क पर आ गया था. सालभर से ज्यादा समय तक दिल्ली की सीमा पर जाड़ा, गरमी, बरसात की मार सहता हुआ हमारा अन्नदाता बैठा रहा. उस पर खूब पुलिसिया जुर्म टूटे मगर वह टस से मस न हुआ और आखिरकार सरकार को खामियों से भरे अपने तीनों कानून जारी करने के बाद वापस लेने पड़े. अन्नदाता के सत्याग्रह ने अहंकार का सिर झुका दिया। सरकार को किसानों से माफी मांगनी पड़ी. इस से पहले मोदी सरकार को भूमि अधिग्रहण कानून भी वापस लेना पड़ा था. तब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लिए हुए कुछ ही समय हुआ था. नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्ता में आने के कुछ ही महीने बाद ही सरकार नया भूमि अधिग्रहण अध्यादेश ले आई. इस के जरिए भूमि अधिग्रहण को सरल बनाने के लिए सरकार ने किसानों की सहमति का प्रावधान ही खत्म कर दिया था। 4 बार सरकार ने उस अध्यादेश को जारी किया लेकिन वह इस से संबंधित बिल संसद में पास नहीं करा पाई. अंत में सरकार को अपने कदम वापस खींचने पड़े और 31 अगस्त, 2015 को अधिग्रहण कानून वापस लेने का ऐलान मोदी सरकार ने किया. जीएसटी पर भी मोदी सरकार को झुकना पड़ा. अक्टूबर 2020 में जीएसटी को ले कर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच विवाद पैदा हो गया. वजह यह थी कि राजस्व में आई कमी की भरपाई के लिए कर्ज कौन लेगा? इस पर केंद्र ने कहा कि राज्य सरकारें यह कर्ज लें. लेकिन केरल के वित्त मंत्री थौमस इसाक ने इस का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही, जिस के बाद उन के साथ 9 और राज्य भी आ गए, नतीजा यह हुआ कि केंद्र सरकार को यूटर्न लेते हुए खुद कर्ज लेने का फैसला करना पड़ा. इस से पहले जब जीएसटी कानून लाया गया तो उस में भी लगातार बदलाव किए जाते रहे.

### महिलाओं ने दिखाया दम

छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरें कम करने के फैसले पर तो मोदी सरकार को 24 घंटे में ही यूटर्न लेना पड़ा था. वित्त मंत्रालय ने अप्रैल 2021 में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरें कम करने का फैसला किया था, लेकिन 24 घंटे के अंदर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह फैसला वापस लेने का ऐलान किया, जिस को ले कर उस वक्त विपक्ष ने सरकार पर खूब तंज कसे थे. मार्च 2016 में कर्मचारी भविष्य निधि का पैसा निकालने पर तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने बजट के दौरान टैक्स लगाने की घोषणा की थी, लेकिन कुछ समय बाद ही सरकार ने इस पर भी यूटर्न लिया और फैसला वापस ले लिया. एनआरसी और सीएए के खिलाफ शाहीनबाग, दिल्ली में धरने पर बैठी औरतों से सरकार ने मुंह की खाई. ध्रुवीकरण के जरिए सत्ता पर काबिज रहने की मंशा पालने वाली मोदी सरकार को बड़े शांतिपूर्ण और गांधीवादी तरीके से बुजुर्ग महिलाओं ने बता दिया कि यह सिर्फ एक ‘मुस्लिम समुदाय से जुड़ा मुद्दा’ नहीं, बल्कि भारतीय नागरिकता पर प्रहार करने वाला कानून है जो मान्य नहीं है. मोदी सरकार का सीएए और एनआरसी की क्रोनोलौजी भारत के समावेशी विचारों और संवैधानिक मूल्यों पर आघात करने वाले अधिनियम के रूप में उभर कर सामने आया. प्रदर्शनकारियों ने इस जाल से बचने में अभूतपूर्व बुद्धिमानी दिखलाई और समुदाय विशेष को निशाना बनाने की सरकार की साजिश का पर्दाफाश हो गया. महिलाओं ने सरकार को बता दिया कि तानाशा ही रवैया अख्तियार कर कोई नियमकानून जबरन नहीं थोपा जा सकता है। अब एक बार फिर मोदी सरकार अपने तानाशाही कानून को ले कर बैकफुट पर हैं. हिट एंड रन कानून जारी करने के 2 दिनों के अंदर ही सरकार को कानून वापस लेने का ऐलान करना पड़ा, लोकसभा चुनाव सिर पर है. ऐसे में जनता का गुस्सा सत्ता की चूलें हिला सकता है, इस आशंका से भरी मोदी सरकार को रात में ही कानून वापस लेने का ऐलान करना पड़ा. 2 दिनों में ही सरकार को समझ आ गया कि उस से फिर बड़ी गलती हो गई है. आह, कितनी शर्मनाक स्थिति!

> *आखिर ऐसा क्यों है कि मोदी सरकार को बारबार अपने कानून वापस लेने की शर्मनाक स्थिति से गुजरना पड़ रहा है? जनता के बीच से जनता द्वारा चुन कर संसद में बिठाए गए जनप्रतिनिधि जनता के लिए कोई कानून बनाने से पहले उस पर जनता का नजरिया क्यों नहीं समझ पा रहे हैं?*

### दुर्घटना का दोष

दरअसल, हिट एंड रन कानून में सजा को सख्त किए जाने के विरोध में ट्रक चालकों ने देशभर में चक्का जाम कर दिया. दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, महाराष्ट्र समेत अनेक राज्यों में हड़ताल का असर दिखा. प्रदर्शन के दौरान कई जगह कानून व्यवस्था कायम रखने के चक्कर में पुलिस को आंदोलनरत ड्राइवरों से झड़प, मारपीट और पथराव का सामना करना पड़ा. ट्रक ड्राइवरों के हड़ताल पर जाते ही चीजों के दाम उछलने लगे लोग इस आशंका से कि कहीं हड़ताल के चलते मार्केट में चीजों की कमी न हो जाए, रेट आसमान न छूने लग जाएं, थैले ले कर बाजार भागने लगे और हफ्तों की ग्रौसरी व डेयरी का सामान खरीद लाए, पेट्रोल पंपों पर डीजल, पैट्रोल भरवाने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग गई, जिस के चलते पंपों पर जल्दी ही पैट्रोल खत्म हो गया और 70 फीसदी पैट्रोल पंपों को ‘आउट औफ स्टौक’ का बोर्ड टांगना पड़ा। मध्य प्रदेश के सभी जिले अलर्ट मोड पर आ गए. वहां पैट्रोल न मिलने से करीब 5 लाख वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई. अकेले मुंबई शहर में एक दिन में करीब 150 करोड़ रुपए का कारोबार, जो ट्रक ड्राइवरों के जरिए होता था, ठप हो गया. मुंबई में 3 दिन की हड़ताल में करीब 450 करोड़ रुपए के नुकसान होने का अंदाजा लगाया गया. फलसब्जी समेत खानेपीने की तमाम चीजों की आवाजाही रुकने से चीजों के दाम अचानक बढ़ गए, उत्तर प्रदेश में 60 हजार से अधिक ट्रक सड़कों पर नहीं उतरे. यहां करीब 2 दिन में 2 हजार करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ. दवाइयां, सब्जी, फल, डेयरी प्रोडक्ट और डीजलपैट्रोल की सप्लाई बाधित हुई. शाम तक प्रदेश के एकचौथाई पैट्रोल पंप खाली थे. चीजों के दाम चढ़ गए, सब तरफ से सरकार को गालियां पड़ने लगीं. अन्य प्रदेशों का भी कमोबेश यही हाल रहा. हिट एंड रन का मतलब है तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाने के चलते किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और फिर भाग जाना. पहले आईपीसी में हिट एंड रन में पीड़ित की मौत होने पर आरोपी के लिए 2 साल की जेल और जुर्माने का प्रावधान था, मगर मोदी सरकार ने भारतीय न्याय संहिता में इस सजा को 5 साल बढ़ा कर 7 साल कर दिया. अगर ड्राइवर मौके से फरार हो जाता है तो सजा को 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है और साथ ही, उसे लाखों रुपये का भारी जुर्माना भी भरना होगा. ड्राइवरों का कहना है कि कोई दुर्घटना होने पर दोष सीधे ट्रक चलाने वाले पर मढ़ा जाता है. भीड़ उस को पकड़ती है. ऐसे में भागने के सिवा कोई और रास्ता नहीं है. यदि वे घायल की मदद करना भी चाहें तो उन्हें भीड़ के गुस्से का सामना करना पड़ेगा. भीड़ के हत्थे चढ़ जाएं तो उन्हें खुद की जान से हाथ धोना पड़ेगा. देश में ऐक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन प्रोटोकौल का अभाव है. पुलिस वैज्ञानिक जांच किए बिना ही दोष बड़े वाहन पर मढ़ देती है. ऐसे में आख बंद कर के कानून बना कर थोपने से पहले सरकार को इन बिंदुओं पर चर्चा करनी चाहिए थी. फिर जुर्माने की इतनी बड़ी राशि भरने की हैसियत अगर उस की होती तो वह ट्रक क्यों चला रहा होता? इन बातों पर गौर किए बिना ही सरकार ने सजा और जुर्माना इतना अधिक कर दिया.

### पीएमओ तकलीफों से अनजान

आखिर सरकार के नए नियम कानूनों में जो छेद आम जनता को आसानी से नजर आ जाते हैं, वह सरकार को क्यों नहीं दिखते? इस की वजह यह है कि मोदी सरकार के मंत्री जिन्हें कोई कानून बनाने से पहले बैठकर उस पर चर्चा करनी चाहिए थी, आमजन से विचार विमर्श करना चाहिए था। वह तो धर्म की चाकरी बजा रहे हैं और आमजन से जुड़े नियम कानून की पोथियां एयरकंडीशन कमरों में बैठे उन अधिकारियों की फौज तैयार कर रही है जो कभी जनता के बीच जाती नहीं. सारा काम पीएमओ के हवाले है जो जनता की तकलीफों से अनजान है. जिस का रवैया हमेशा ही तानाशाही वाला रहा है. मंत्री, विधायक तो फिर कभीकभी जनता के बीच उठतेबैठते हैं, वे उन की जरूरतों और तकलीफों को जानते हैं मगर अधिकारी तो गरीब आदमी की छाया भी बरदाश्त नहीं करता. फिर वह उस के हित की बात कैसे सोच सकता है? लोकतंत्र में जनता की तकलीफ तो नेता ही समझ सकता है और वही उस के हित में काम कर सकता है, मगर मोदी सरकार अपने नेताओं को धर्म की चाकरी से फुरसत तो दे.

**- सरिता से साभार**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 57- महर्षि गौतम ने अहल्या से छल के कारण इंद्र को कर दिया शापित

**- डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



लक्ष्मण जी ने गुरु विश्वामित्र से कहा, देवराज इंद्र जैसे अपराधियों को तो प्राणदंड मिलना चाहिए था गुरुदेव! लेकिन हम तो अभी भी देवराज इंद्र की चर्चा सुनते हैं।

प्राण दंड तो नहीं लक्ष्मण, लेकिन महर्षि गौतम ने जो श्राप दिया वह प्राण दंड से कम नहीं था और एक तरह से इस घटना के बाद स्वीकार्य देव के रूप में इंद्र की मान्यता समाप्त हो गई। गुरु विश्वामित्र ने कहा।

इंद्र के पास इस घटना का अब और कोई स्पष्टीकरण नहीं था।महर्षि गौतम ने अपने कमंडल से जल की बूंदें हाथ में लेकर सिर झुकाकर खड़े हुए देवराज इंद्र पर छिड़कते हुए उसे श्राप दे दिया -

तुम अपनी भोग और वासनावृत्ति पर नियंत्रण नहीं रख पाते हो देवराज!तुम्हारी दो आंखें जब इतनी चलायमान हैं और नारीदेह को प्राप्त करने के प्रति तुम्हारी इतनी आसक्ति है,तो तुम्हारे शरीर में हजारों स्त्री अंग बन जाएं।

गौतम ऋषि के शाप का तत्काल प्रभाव हुआ और देवराज इंद्र अपने शरीर को इन अंगों से युक्त देखकर अत्यंत ग्लानि और पश्चाताप से भर उठा।

उसने ऋषि से क्षमा याचना करते हुए उन्हें इस शाप से मुक्त करने की प्रार्थना की।

यह तो नहीं हो सकेगा देवराज लेकिन हां, अब ये सहस्त्र स्त्री अंग तुम्हारे शरीर पर सहस्त्र आंखें बन जाएंगे और ये तुम्हें तुम्हारे कुकर्मों का स्मरण कराते रहेंगे।संभव है कि इससे तुम्हें यह सीख भी मिल जाए कि कामनाएं एकाधिक से बढ़कर सहस्त्र क्यों न बन जाएं, लेकिन वे कभी तृप्त नहीं होती हैं। गौतम ऋषि ने ऐसा कहते हुए देवराज इंद्र को सदा के लिए शापित कर दिया। उन्होंने चंद्रमा को भी श्राप दिया कि तुम कभी निष्कलंक नहीं रह पाओगे।

गौतम ऋषि ने देवराज इंद्र के अंतर्धान होने के बाद भय से कांपती हुई अहल्या से कहा, ऐसा कैसे हो गया देवी! क्या आप इंद्र को पहचान नहीं पाईं?

देव! उसने आपका रूप धारण किया था और रात्रि का समय था।मैं निद्रा के कारण अर्धचेतना की अवस्था में थी। अनजाने ही मुझसे यह भारी अपराध हो गया है। मुझे क्षमा करें स्वामी। इस घटना से मेरा आत्मसम्मान तो दूषित हुआ ही है लेकिन आपकी तपश्चर्या, जिसमें मैं आपकी अर्धांगिनी की तरह संलग्न रही हूं, वह भी खंडित हुई है। अहल्या ने ऋषि से कहा। गौतम ऋषि ने उत्तर दिया, इसी बात का तो मुझे आश्चर्य है देवी कि एक पतिव्रता नारी की तपस्या के ऊपर इंद्र की कुटिलता कैसे हावी हो गई?

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है।श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है।युगों- युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से,मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

# मोटापे पर सीधा वार करता है शहद



आजकल हर कोई वजन घटाने के चक्कर में पड़ा है। जिम, वॉक, एक्सरसाइज और डाइटिंग करने वालों की बड़ी संख्या मिल जाएगी। कुछ लोग मोटापा कम करने के लिए घरेलू नुस्खे भी अपनाते हैं। हालांकि सभी घरेलू नुस्खे मोटापा कम कर दें ये जरूरी नहीं है। आज हम आपको शहद से मोटापा कम करने का आसान तरीका बता रहे हैं। वैसे शहद को ज्यादातर लोग वजन घटाने में इस्तेमाल करते हैं। शहद और नींबू मिलाकर पीने से तेजी से वजन कम होता है। कुछ लोग ग्रीन टी में शहद मिलाकर पीने लगते हैं। दरअसल शहद में कई तरह के तत्व पाए जाते है, जो शरीर को फायदा पहुंचाते हैं और वजन भी कम करते हैं। शहद में एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो वजन घटाने में मदद करते हैं। जानिए मोटापा कम करने के लिए कैसे करें शहद का इस्तेमाल।

**शहद और दालचीनी-** अगर आप 1 कप ग्रीन टी में शहद और दालचीनी पाउडर डालकर पीते हैं तो इससे मेटाबॉलिज़्म प्रक्रिया तेज होती है। इससे आपको दिनभर ऊर्जा मिलती है और लंबे समय तक भूख नहीं लगती है। इस चाय को पीने से आप काफी समय कर भरा-भरा फील करते हैं। शहद और दालचीनी मोटापा कम करते हैं।

शहद और लहसुन- सुबह खाली पेट शहद के साथ लहसुन खाने से कई फायदे मिलते हैं। इससे शरीर डिटॉक्सीफाई होता है और खराब कोलेस्ट्रॉल लेवल भी कम होता है। शहद और लहसुन खाने से मोटापा भी कम होता है।

**शहद और नींबू-** रोजाना सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में 1 चम्मच शहद और आधा नींबू का रास मिला पीने से मोटापा कम होता है। इससे शरीर को विटामिन सी मिलती है और बॉडी डिटॉक्सीफाई होती है। नींबू और शहद से मेटाबोलिज्म तेज होता है। इससे काफी देर भूख नहीं लगती है।

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना और अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा। आज कुछ यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं। आपको मानसिक शांति मिलेगी।



**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए ठीकःठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। महिलाओं का आज ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा। आज आपको किसी रिश्तेदार के घर जाने का निमंत्रण मिलेगा। आज बच्चों की गतिविधियों और संगति पर कड़ी नजर रखेंगे।



**कर्क**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में भी समय बीतेगा। आज व्यवसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज किसी सदस्य की नकारात्मक बात को लेकर आपका मूड थोडा खराब हो सकता है।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे। किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों में समय बीतेगा। अधूरा ना छोड़ा। पैतृक जमीनःजायदाद संबंधी मामले में आज आपको सफलता मिलेगी।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान और आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे। आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में रुकावट डाल सकता है।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित कोई काम हो सकता है। कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे।



**धनु**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। धार्मिक अथवा आध्यात्म गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मान-सम्मान और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें।



**मकर**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज का दिन उपलब्धियों वाला है इसका भरपूर उपयोग करना जरूरी है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूप-रेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेगे।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। सामाज संबंधी गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता और व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे।



**मीन**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके उद्देश्य की पूर्ति होगी और अनुभवी लोगों के साथ रहकर भी बहुत कुछ बेहतर सीखने को मिलेगा। आज दौड़-धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने से खुशी भी मिलेगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा, जिससे आप अपने जरूरत का सामान खरीदेंगे।

## शब्द सामर्थ्य -323

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 322 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | दां | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# सरस्वती विद्यालय के अनेक विद्यार्थी शासन के उच्च पदों पर सेवारत



## पूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह संपन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में पूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह कार्यक्रम एक फरवरी दिन गुरुवार को संपन्न हुआ। छात्र जीवन को पुनः स्मरण करने के लिए एवं बचपन के मित्रों से मिलने का शुभ अवसर प्रदान करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा पूर्व छात्र - छात्राओं का सम्मेलन आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों में शशिकांत द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, प्रभाकर राव गिरधर पूर्व अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति, विवेक गुप्ता पूर्व छात्र, सुनील जैन अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति, नीलम चोपड़ा सचिव सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा समिति, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति, श्रीमती मीना गिरधर, अनिल पांडे, मनीष सोनी कार्यक्रम संयोजक, विनीत यादव, अविनाश ब्राह्मणकर, प्राचार्य प्रकाश यादव प्रधानाचार्य, जागेश्वर निषाद, पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती वैशाली देशकर उपस्थित थे।अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती भारत माता की पूजा अर्चना से कार्यक्रम आरंभ हुआ।

### 1989 में प्रारंभ संस्था अनवरत संचालित

सरस्वती शिशु मंदिर 18 जुलाई 1989 से गौशाला में 32 भैया बहनों से स्कूल का प्रारंभ हुआ। अभी तक लगभग तीन हजार भैया - बहने सरस्वती शिशु मंदिर से शिक्षा ग्रहण कर विभिन्न क्षेत्रों में जज, कलेक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर,डॉक्टर, तहसीलदार, पटवारी, पुलिस, शिक्षक जैसे बड़े बड़े पदों पर कार्यरत हैं। पूर्व छात्र भारत के अलावा विदेशों में भी अपनी अभूतपूर्व सेवाएं दे रहे हैं। पुर्व छात्र छात्राएं अपने विचारों को अपने सहपाठी पूर्व छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के समक्ष साझा किया। और सभी लोगों ने शिशु मंदिर के शिक्षा धर्म संस्कार से इस बड़े उच्च पदों पर पहुंचने का श्रेय दिया है। शिक्षकों द्वारा अपने पूर्व छात्र को दिए गए शिक्षा एवं मार्गदर्शन से को साझा करते हुए भावुक हो गए। पूर्व छात्रों में सौरभ साहू, निखिल जैन, नंदलाल निषाद, शेख समीर, अमन नामदेव, शिल्पी साहू, मनीष सोनी ,अनन्या श्रीवास्तव, पवन यादव, टिकेश्वरी साहू, डीगेश साहू, सौरभ फूले, नीरज यादव, कुश मालेकर, अविनाश पोद्दार, अंशुल जैन मोहित कोठारी, पुष्पेंद्र कुमार साहू, टिकेंद्र साहू, हरे कृष्णा मिश्रा, विवेक साहू, आदि तथा पूर्व आचार्य नारद सिन्हा, भूपेंद्र कव्यवर्त, रितेश सक्सेना, सुनीता यादव सहित भारी संख्या में उपस्थित थे।

रक्तदान व गौ सेवा में अग्रणी है विद्यालय के पूर्व छात्र - मनीष सोनी ने बताया कि पूर्व छात्र संगठन का रविंद्र छतरी द्वारा 5000 रक्तदान दाताओं की एक वृहद सूची में पूर्व छात्राएं एवं अन्य लोग शामिल है। जो जरूरतमंद लोगों की सहायता करते है पूर्व छात्रों के द्वारा कुम्हारी में 700 गायों का गौशाला भी चलाया जा रहा है। 1 लाख से अधिक दुर्घटनाओं में घायल गायो का इलाज इस गौशाला में किया जा चुका है।

### चंद्रयान मिशन की टीम में शामिल रहे पूर्व छात्र

चंद्रयान मिशन में भी पूर्व छात्रों द्वारा भिलाई और बिलासपुर से वैज्ञानिक है। उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पूर्व छात्रों के द्वारा देश हित में किए गए कार्यों का वर्णन किया। सभी अतिथियों ने पूर्व छात्रों का उत्साह वर्धन किया एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने की बात कही गई विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव देशभक्ति का भाव जागते हुए देश समाज के हित में कार्य करने की बात कहीं एवं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम का सफल संचालन पुर्व छात्र निखिल जैन ने किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति

कार्यक्रम के बीच में स्वागत गीत सामूहिक गीत नृत्य आदि कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश दास वैष्णव, थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार धर्मेंद्र गोमस्ता, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा,अमित शुक्ला, विशेष साहू, श्रीमती कीर्ति दफेदार एस राव झुंपा मंडल त्रिवेणी मंडल स्मृति पांडे सुषमा शांडिलकर, रेवती वर्मा कौशल्या वर्मा, पल्लवी भिवगढ़े, ऋतु साहू, सुशील यादव, अमिता जैन, उत्तम नागमोते, सुशील यादव, प्रीति वाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति मार्वे, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, योगेश्वरी निषाद, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी सहित पूरे विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

# आज डोंगरगांव में मानस महोत्सव का समापन

## ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुति, रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



डोंगरगांव(दावा)। नगर के धार्मिक स्थल साकेत धाम परिषद में मानस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन आज रविवार 4 फरवरी को किया जाएगा। मानस महोत्सव का यह आयोजन 25 वाँ वर्ष रजत जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। आयोजन समिति के मिडिया प्रभारी घनश्याम साव ने बताया है मानस महोत्सव का शुभारंभ दो फरवरी से किया गया था। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। इसी मंच में ही समापन अवसर पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवम अन्य सम्मान समारोह के माध्यम से एक नया कलेवर देने का प्रयास किया गया है। समापन अवसर रविवार को मानस महोत्सव में राज्य के ख्याति प्राप्त मानस मंडलिया जो रविवार को मुख्य रूप से केशकाल, चरौदा भिलाई, रायपुर,, कवर्धा, भटगांव धमतरी, राजनादगांव रिसामा, बेमेतरा, दुर्ग, धमतरी, धनोरा, डोटोपार, रिसाली भिलाई, पलांदुर बालोद की मानस मंडलियों के द्वारा श्री राम चरित मानस का गायन तथा विभिन्न प्रसंगों पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया जाएगा। साकेत धाम परिषद द्वारा आयोजन मानस महोत्सव में क्षेत्र के धर्म प्रेमी भाई बहनों और नगरवासियों को लाभ लेने का अनुरोध आयोजन समिति के सदस्यो ने किया है।

# पहला कॉलम...

## गृह विज्ञान विभाग द्वारा प्रदर्शनी



डोंगरगांव(दावा)। नगर उपाधि महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बी.एन. मेश्राम के निर्देशानुसार गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रतिमा मेश्राम के द्वारा गृह विज्ञान के सभी छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी रखा गया। जिसमें छात्र- छात्राओं के द्वारा पुष्प सज्जा, टेक्सटाइल, क्लीनिकल न्यूट्रीशन के बारे में बताया गया। साथ यह भी बताया कि डायबिटिक, लिवर सिरोसिस, एनीमिया, कब्ज, प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण, पेप्टिक अल्सर जैसी बीमारी के दौरान कैसा आहार लेना चाहिए तथा संतुलित आहार के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के व्यंजन इडली, ढोकला, नारियल लड्डू, मूंग लड्डू, भजिया, रसगुल्ला, चना दाल का बड़ा, खीर, गुलाब जामुन, गाजर का हलवा आदि रखा गया था। इस दौरान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. ए.के. धमगाए, डॉ. सी.के. साहू, रेणुका ठाकुर व प्रो. प्रियांकी गजभिए उपस्थित रहे।

## विवेकानंद एकेडमी में 100 बच्चों ने सीखे कैरियर निर्माण के गुण



डोंगरगांव (दावा)। नगर के विवेकानंद एकेडमी संस्थान के संयोजन मे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन कार्यकम का आयोजन किया गया। इस मार्गदर्शन कार्यकम में ए.के. पुसाम एसडीएम डोंगरगांव, गिरीश सोनी व द्वारा अभ्यर्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए सहजता एवं समर्पण के टिप्स दिये। साथ ही अनिद्रा व मानसिक तनाव को कम करने व समय प्रबंधन पर विशेष टिप्स दिए। संस्था के संचालक एम.के. वैष्णव एवं लीकेश साहू के द्वारा आगामी प्रतियोगी परिक्षाओं से संबंधित जानकारी दी तथा नवचयनित विद्यार्थीगण राकेश ठाकुर, खिलेश कोठारी, सोमन कुमार, ढालू दास साहू, आभा पटेल, प्रेमा चंद्रवंशी, सुरूची गंगवेर, जितेन्द्र कुमार, दीपक साहू, दीपक ठाकुर के उज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के द्वारा समय समय पर बौधिक एवं मानसिक योग्यता के विकास के लिए विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञो के द्वारा शैक्षणिक 1 महत्वपूर्ण जानकारी दी जाती है। विगत दिनो छत्तीसगढ़ पर विशेष व्याख्यान हेतु डां गीतेश अमरोहित सदस्य छ.ग. भाषा मानकीकरण समिति का आगमन हुआ था। जिससे विद्यार्थियों ने सीजीपीएससी के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत/2047 पर राज्यस्तरीय ई-प्रश्नोतरी का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनंदगांव के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के संरक्षण में महाविद्यालय द्वारा विकसितभारत/2047 पर राज्य स्तरीय ई-प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर ने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी में राज्य के किसी भी विद्यालय या महाविद्यालय में पढने वाले विद्यार्थी भाग ले सकते थे। प्रश्नोतरी के प्रश्न विकसितभारत/2047 के दृश्यगत क्षेत्रों एवं इसके क्रियान्वयन पर आधारित थेस प्रश्नोतरी के संयोजक डॉ.अश्वनी कुमार शर्मा, सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र ने बताया कि सम्पूर्ण राज्य से इस प्रश्नोतरी में लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में लगभग सभी जिलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं अपने उत्तर जमा कर प्रमाण पत्र प्राप्त कियास महाविद्यालय द्वारा विकसितभारत/2047 पर विविध गतिविधियों जैसे प्रश्नोतरी, पोस्टर बनाओ, भाषण, निबंध लेखन, नुक्कड़ नाटक, व्याख्यान का लगातार आयोजन किया जा रहा है। ई-प्रश्नोतरी में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गयी थी। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा विकसितभारत/2047 पर देशभर के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्रो से विचार आमंत्रित किये गए हैंस इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक देशवासी अपने विचार माई गोव वेबसाइट या मोबाइल एप्प के द्वारा अपने विचार साझा कर सकता है।

## खुर्सीपार में जस झांकी प्रतियोगिता 10 से

खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम पंचायत खुर्सीपार में दिनांक 10 व 11 फरवरी 2024 को जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है यह आयोजन ग्रामवासियों के सौजन्य से रखा गया है, पुरस्कार राशि प्रथम स्थान से दसम स्थान तक रखा गया है, यह जानकारी मोनू गंजीर ने दी है।

# खतरनाक व तेज गति से वाहन चलाने वाले 5 बाइकर्स के विरुद्ध किया गया चालानी कार्यवाही



- मोटरयान अधिनियम के तहत किया गया बाइक जप्ति की कार्यवाही
- जिले में यातायात नियमों का पालन करने एसपी ने की अपील

खैरागढ़ (दावा)। जिले के पुलिस कप्तान सुश्री अंकिता शर्मा (आईपीएस) के निर्देशन में जिले की यातायात व्यवस्था को सुचारु से संचालित करने जिले के सभी थानों व नवगठित यातायात शाखा को आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ है जिसके परिपालन में जिले में आवश्यक वाहन चेकिंग पॉइंट लगाकर खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले बाइकर्स गैंग पर कार्यवाही करने एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने दिशा निर्देश प्राप्त हुआ था।

इसी तारतम्य मे यातायात पुलिस व खैरागढ़ पुलिस द्वारा चैकिंग पॉइंट लगाकर मोटरसाइकिल चालको को अत्यंत तेज रफ्तार एवं खतरनाक ढंग से स्टंट करते रहने पर द्वारा खतरनाक व तेज गति से मोटर साइकल चलाते रहने से पांच वाहन चालक जिनमे(1) नीरज यादव पिता ध्रुव राम यादव उम्र 23 साल निवासी नया टिकरापारा खैरागढ़, शिवम यादव पिता विजय यादव उम्र 24 साल दौऊचौरा खैरागढ़, किशन निषाद पिता शिव प्रसाद निषाद उम्र 21 साल निवासी अमलीडीह खैरागढ़, चिंटू निषाद पिता स्वर्गीय नारद निषाद उम्र 20 साल निवासी दाऊचौरा खैरागढ़ चंदन उर्फ राजा सारथी पिता राजेश सारथी उम्र 24 साल निवासी दौऊ चौरा के विरुद्ध तेज आवाज वाले सायलेंसर मोटरयान अधिनियम की धारा 184, मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पांच नग मोटरसाइकिल जप्त किया गया है जिसे माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि जो भी खतरनाक तरीके से वाहन चलाते पाया जाता है तो उसका नंबर नोट करके कंट्रोल रूम में नोट करावे, जिससे इन बाइकर्स गैंग पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा सके। उक्त कार्यवाही में यातायात शाखा प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह, वीरेंद्र चंद्राकर, चेतुराम आर्य वह ट्रैफिक स्टाफ आरक्षक गजेंद्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# साप्ताहिक बंद या खुले रहने को लेकर सोमवार को नगर पंचायत में एसडीएम की उपस्थिति में हुई व्यापारी संघ की बैठक

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर में साप्ताहिक व्यापार बंद का परिपालन ठीक तरह से नहीं हो रहा है। साप्ताहिक बंद को लेकर व्यवस्था डगमगा गई है। साप्ताहिक बंद को लेकर कुछ व्यापारी समर्थन में है तो कुछ व्यापारी विरोध में जिसको लेकर पिछले सप्ताह दुकान खोलने को लेकर मुनादी भी कराई गई थी और कुछ दुकानें खुली भी। जिसको लेकर कुछ व्यापारी आक्रोशित हुये और बाजार के सभी दुकानें खुली दुकानों को बंद कराने में लग गए। जिसे लेकर नगर पंचायत के द्वारा आदेश जारी किया गया की क्षेत्रांतर्गत के बाजार एवं सभू दुकाने सोमवार को बंद अथवा चालू रखने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गंडई की अध्यक्षता मे नगर पंचायत के सभा कक्ष मे 5 फरवरी को दोपहर 2 बजे बैठक आयोजित की गई है। नगर पंचायत सीएमओ के द्वारा सभी व्यापारियों से बैठक मे उपस्थित होने की अपील भी गई है। नगर मे बैठक को लेकर मुनादी भी कराई गई है।

# जिला पं. उपाध्यक्ष विक्रांत बोले, देश को विकसित बनाने में अहम भूमिका निभाएगा बजट



(दावा)। भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर प्रक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि देश का ये बजट राष्ट्र की प्रगति में बेहद ही योगदान भरा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने सर्व वर्ग को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है।

11 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय करना एक रिकॉर्ड है। कांग्रेस के समय कुल बजट ही 16 लाख करोड़ का होता था। 4 लेंन सड़को की संख्या बड़ी है। आत्मनिर्भर भारत के तहत देश मे मोबाइल फोन व सुरक्षा उपकरणों तथा स्वदेशी एयरक्राफ्ट का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये।

34 लाख करोड़ डायरेक्ट खाते में डाले गए। देश में 7 आईआईटी, 7 आईआईएम व 15 नए एम्स, 300 नए विश्विद्यालय तथा 300 नई आईटीआई बनाये गए। 12 करोड़ किसानों को सरकार ने कर्ज दिया। आगामी वर्ष में 1 करोड़ घरो में मुफ्त सोलर बिजली दी जाएगी। 3 करोड़ नए घर बनाये जाएंगे, सर्वाइकल कैंसर का टीका मुफ्त लगाया जाएगा।

अब हमारी एक करोड़ और बहने लखपति दीदी बनेगी और अपने जीवन को स्वाभिमान और गर्व के साथ जीकर देश की तरक्की में अपना योगदान देंगी। 1 करोड़ करदाताओं को उनके 10 वर्षो से लंबित 10 हजार तक के टैक्स से माफी एक एतिहासिक कदम है।

भारत के आर्थिक हालातो में 10 वर्षो में हुए बदलावों पर श्वेत पत्र जारी करने की घोषणा बताती है की मोदी सरकार परफॉर्मेंस में कितना विश्वास रखती है। यह बजट विकसित भारत की नीव मजबूत करने की गारंटी है।

# डोंगरगढ़ प्रज्ञागिरी तीर्थ में 31वां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध धम्म सम्मेलन 6 फरवरी को - रविंद्र रामटेके



## कहा - अंतराष्ट्रीय बौद्ध धम्म सम्मेलन में पहुंचेंगे देश-विदेश के धम्म गुरु

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र रामटेके ने कहा कि डोंगरगढ़ शहर के प्रज्ञागिरी तीर्थ में 6 फरवरी को 31वां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध धम्म सम्मेलन का आयोजन प्रज्ञागिरी के संरक्षक एवं पूज्य भदंत धम्म सेनानायक आर्य नागार्जुन सुरई ससाई भंते जी के मार्गदर्शन एवं प्रज्ञा गिरी ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में किया जाना है। जिसमें देश-विदेश के बड़ी संख्या में धर्मगुरु उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जापान के धम्म गुरु रेयुकेई सेयकी, केइवा नागासाकी, मीका नागासाकी, मासायो टोकुरा, मुत्सुकों तोयामा, चिनात्सु करिगाने, मिकी इनोकी, शोहई इनोकी, गेनशिरो सेईकी सहित थाईलैंड के धम्म गुरु अनुसिनधाडेट, दुसिट, नूनथावार, विचाई फोनोक, यू थाना सहित अन्य धम्म गुरु उपस्थित रहेंगे। श्री रामटेके ने आगे कहा कि कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में छत्तीसगढ़, महाराष्ट, मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में धम्म गुरुओं के उदबोधन सुनने आते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। उन्होंने लोगों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# सेजेस अंबागढ़ चौकी के बच्चों ने वार्षिक उत्सव में दी मनमोहक प्रस्तुति





अम्बागढ़ चौकी (दावा)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय अम्बागढ़ चौकी में शाला वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत स्वामी आत्मानंद, ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू, मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मडावी, अनिल मानिकपुरी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मोहला मानपुर, विद्या रमेश ताम्रकार अध्यक्ष, नगर पंचायत अं.चौकी तथा रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी, तथा पार्षद अशोक वर्मा, विजय यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूवात सरस्वती वंदना से की गई जिसके पश्चात कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सम्मानित अतिथियों का स्वागत आर बी सिंह प्राचार्य सेजेस अंबागढ़ चौकी, विकास मानिकपुरी अध्यक्ष एवं पीटीए के समस्त सदस्यों एवं पाठशाला के सभी बैच होल्डर बच्चे आयुष गजभिये, अनम तिगाला, प्रतिमा देवांगन एवं जागृति तथा गुंजन आदि द्वारा किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य आर.बी.सिंह के द्वारा करते हुए शाला की उपलब्धियां गिनाई गयी। अतिथियों द्वारा पूर्व सत्र 2022-23 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले कक्षा दसवीं की छात्रा कुरूपाली साहू तथा कक्षा बारहवीं के छात्र काव्य शाह को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह मोमेंटो स्व.हाजी रसूल कुरैशी की स्मृति में अनिश कुरैशी द्वारा भेंट किया गया। स्थानीय परीक्षा में टॉप करने वाले बच्चे शशांक बोपचे, आदित्य बसु,चांदनी साहू, स्मृति मानिकपुरी एवं श्रुति गुप्ता को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही पाठ्यत्तर गतिविधियों जैसे-विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर मेकिंग, ड्राईंग कामपटिशन, निबंध प्रतियोगिता आदि में भाग लेने वाले बच्चों को भी मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विकास मानिकपुरी द्वारा शाला के श्रेष्ठ शिक्षकों को मोमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया गया।विधायक भोलाराम साहू ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए अच्छे से पढ़-लिखकर समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया वही मंच पर मौजूद विधायक इंद्र शाह मंडावी विधायक ने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे पढ़ाई विशेष ध्यान देने की बात कही साथ ही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने भी बच्चों को अच्छे से पढ़ाई कर अपना जीवन उज्जवल बनाने की बात करते हुए आशीर्वचन दिए। पालक शिक्षा संघ के अध्यक्ष मानिकपुरी एवं समस्त सदस्यों द्वारा शाला की आवश्यकताओं जैसे- 1000 बच्चों को बैठने के लिए ऑडिटोरियम, तथा प्राइमरी तथा मिडिल स्कूल के लिए पृथक-पृथक् किचन शेड एवं कार्यालयीन कार्य हेतु कम्प्यूटर की मांग की गयी, जिस पर भोलाराम साहू ने तत्काल 6 कंप्यूटर प्रदान करने की बात कही तथा ऑडिटोरियम को नये सत्र के बजट में देने की बात कही। अंत में पीटीए के अध्यक्ष विकास मानिकपुरी एवं सदस्यों कौशिल्या यादव, अनिश कुरैशी, रूबी शेख,श्यालू अंबादे, ममता मेश्राम, युगल किशोर साहू,शांति ठाकुर, सरिता दामले, गुलाब राम निषाद आदि ने अतिथियों

## पहला कॉलम...

### आरती पाटिल ने पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

पुणे। भारतीय शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक पटाया, थाईलैंड में आयोजित होने वाली आगामी बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 वर्षीय कोल्हापुर निवासी वर्तमान में महिला एकल (खड़ी/ऊपरी अंग हानि) एसयू5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है। खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल स्पर्धाओं में सात कांस्य पदक अर्जित किए हैं। आरती ने इससे पहले 2019 में बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था।

### व्हाटसएप ने 69 लाख से अधिक भारतीयों के अकाउंटस पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली । मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने दिसंबर 2023 में देश में 69 लाख से अधिक 'खराब अकाउंट्स' पर प्रतिबंध लगा दिया। कंपनी ने नए आईटी नियम 2021 के अनुपालन में यह जानकारी दी। कंपनी ने 1-31 दिसंबर के बीच 69,34,000 अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया। व्हाट्सएप ने अपनी मासिक अनुपालन रिपोर्ट में कहा कि यूजरों की किसी भी रिपोर्ट से पहले, इनमें से लगभग 16,58,000 खातों पर सक्रिय रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया था। सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, जिसके देश में 50 करोड़ से अधिक यूजर हैं, को दिसंबर में देश में रिकॉर्ड 16,366 शिकायत रिपोर्ट प्राप्त हुईं, जिनमें 13 पर कार्रवाई की गई। एकाउंट्स एक्शनड उन रिपोर्टों को दर्शाता है जहां व्हाट्सएप ने रिपोर्ट के आधार पर उपचारात्मक कार्रवाई की और कार्रवाई करने का मतलब या तो किसी अकाउंट पर प्रतिबंध लगाना या पहले से प्रतिबंधित अकाउंट को बहाल करना है। कंपनी के अनुसार, इस यूजर-सुरक्षा रिपोर्ट में प्राप्त शिकायतों और व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई के साथ-साथ हमारे प्लेटफॉर्म पर दुरुपयोग से निपटने के लिए व्हाट्सएप की अपनी निवारक कार्रवाइयों का विवरण शामिल है।

### 29 रुपए किलो चावल बेचेगी मोदी सरकार

नई दिल्ली । महंगाई से लोगों को राहत दिलाने के लिए मोदी सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। सरकार अगले हफ्ते से खुदरा बाजार में 29 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर 'भारत राइस' ब्रांड के तहत चावल बेचेगी। इसके अलावा व्यापारियों को निर्देश दिया गया है कि चावल के स्टॉक का खुलासा किया जाए। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने आज संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विभिन्न किस्मों के चावल निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे पहले मोदी सरकार की तरफ से पहले ही महंगाई को मात देने केलिए 'भारत आटा' की बिक्री 27.50 रुपये किलो और 'भारत दाल' (चना) 60 रुपये किलो के हिसाब से की जा रही है। सरकार की तरफ से बयान जारी कर कहा गया कि चावल के निर्यात पर लगी पाबंदी को हटाने की अभी कोई योजना नहीं है। यह केवल अफवाह है कि चावल के निर्यात पर लगी पाबंदी को हटाया जा रहा है। चोपड़ा ने कहा कि रिटेलर और होलसेल सेलर को और फूड प्रोसेसिंग करने वालों को नए रेट का चावल के स्टॉक की जानकारी देने के लिए कहा गया है।

### तेज भूकंप के झटके से हिला ओक्लाहोमा सिटी

ओक्लाहोमा सिटी। 2 फरवरी देर रात ओक्लाहोमा सिटी के पास एक क्षेत्र में 5.1 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सवेक्षण ने जानकारी देते हुए बताया कि भूकंप रात 11 बजकर 24 मिनट पर आया। इसका केंद्र प्राग, ओक्लाहोमा से 8 किलोमीटर उत्तर पश्चिम पर था। यहां के निवासियों ने जोरदार भूकंप के झटके महसूस होने की सूचना दी। वहीं, केएफओआर-टीवी ने बताया कि शॉनी, स्टिलवॉटर और टेकुमसेह निवासियों ने भी भूकंप महसूस किया। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप केवल 3 किलोमीटर (1.8 मील) गहराई पर था।

### सबसे तेज विकेट लेने वाले भारतीय पेसर बने जसप्रीत बुमराह

नई दिल्ली. भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में इतिहास कायम किया है. बुमराह टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं. उन्होंने इस दौरान उमेश यादव, मोहम्मद शमी, कपिल देव और आर अश्विन जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा. बुमराह ने यह उपलब्धि इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को बेहद खूबसूरत बॉल पर बोल्ड कर हासिल किया. दाएं हाथ के बुमराह की घातक गेंदबाजी के आगे अंग्रेज बल्लेबाज असहाय नजर आए. टेस्ट टीम के उप कप्तान बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में 10वीं बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किया. विशाखापत्तनम के एसीए वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में जारी में इस सपाट पिच पर जसप्रीत बुमराह ने यह कमाल किया है जो काबिलेतारीफ है.

# भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज : जसप्रीत बुमराह ने दिखाया दम, इंडिया की मजबूत पकड़

**नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला विशाखापत्तम (वाइजैग) के डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. मुकाबले में दूसरे दिन (3 फरवरी) का खेल खत्म होने तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट के 28 रन बना लिए हैं. कप्तान रोहित शर्मा 13 और ओपनर यशस्वी जायसवाल 15 रन पर नाबाद लौटे.**



मुकाबले में अब भारत की कुल बढ़त 171 रनों की हो चुकी है. बता दें कि भारत ने यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की बदौलत अपनी पहली पारी में 396 रन बनाए थे. जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 253 रनों पर ही सिमट गई. भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने छह खिलाड़ियों को आउट किया. भारत को पहली पारी के आधार पर 143 रनों की बड़ी लीड मिली. इंग्लैंड की पहली पारी में शुरुआत काफी शानदार रही. एक समय उसका विकेट एक विकेट के नुकसान पर 113 रन था और जैक क्राउली तूफानी अंदाज में बैटिंग कर रहे थे. ऐसा लग रहा था कि इंग्लिश टीम भी अपनी पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाएगी, लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के इरादे कुछ और थे. बुमराह ने ऐसा कहर बरपाया कि अंग्रेज बल्लेबाज देखते रह गए. बुमराह का साथ कुलदीप यादव ने खूब निभाया. दोनों ने मिलकर अंग्रेजों को लगातार झटके दिए. नतीजतन इंग्लैंड अपनी पहली पारी में 253 रनों पर सिमट गया. जैक क्राउली ने 78 गेंदों का सामना करते हुए 76 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल रहे. भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने छह विकेट हासिल किए. वहीं कुलदीप यादव को तीन सफलता हासिल हुई.

भारतीय टीम की पहली पारी की सबसे बड़ी हाइलाइट यशस्वी जायसवाल का दोहरा शतक रहा. हालांकि, अपना दोहरा शतक जड़ने के कुछ देर बाद ही यशस्वी जायसवाल 209 रनों (290 गेंद, 19 चौके और सात छक्के) पर जेम्स एंडरसन का शि?कार बने. जायसवाल ने महज 277 गेंदों पर अपना दोहरा शतक चौका जड़कर पूरा किया. उन्होंने अपना शतक छक्का जड़कर पूरा किया था. टेस्ट दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय रहे. यशस्वी के अलावा कोई भी बल्लेबाज 35 रनों का आंकड़ा भी नहीं छू सका. इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर, जेम्स एंडरसन और रेहान अहमद ने तीन-तीन विकेट लिए.

आपको बता दें कि पहले दिन स्टम्प के समय भारत ने अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 336 रन बनाए थे. यशस्वी जायसवाल 179 और रविचंद्रन अश्विन 5 रन बनाकर नाबाद लौटे थे. यशस्वी के टेस्ट करियर का यह दूसरा शतक है. उनका पहला शतक (171 रन) पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफआया था. इस मैच में टॉस भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. इस मैच में टीम इंडिया ने अपनी प्लेइंग 11 में कुलदीप यादव, रजत पाटीदार और मुकेश कुमार को शामिल किया.

## कंगाल पाकिस्तान में 18000 बच्चे बीमार, निमोनिया के कहर से सैकड़ों मासूमों की चली गई जान



नई दिल्ली। पाकिस्तान में आथिज़्क कंगाली के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा गई है. पड़ोसी देश में निमोनिया का कहर कुछ इस कदर फैल गया है कि मां-बाप अपनों बच्चों को लेकर अस्पताल के बाहर खड़े होने पर मजबूर हो गए हैं. आलम यह है कि पिछले एक महीने में एक ही राज्य से करीब 18000 निमोनिया से बीमार बच्चों की पुष्टि हुई है. यही नहीं 300 बच्चों के मृत्यु की भी खबर सामने आई है. ये आंकड़ा केवल जनवरी माह का है.

रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में निमोनिया के बढ़ते कहर को देखते हुए सरकार ने स्कूल की छुटियों को बढ़ा दिया है. इसके अलावा जिन कक्षाओं को चलाना बेहद जरूरी है, उनके समय में कटौती की जा रही है. स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लगातार निदेज़्श दिए जा रहे हैं कि लोग अपने चेहरे पर मास्क लगाए रखें.

पाकिस्तान स्थित अस्पतालों में दिन-प्रतिदिन निमोनिया से पीड़ित बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है. मीडिया रिपोट्सज़ के मुताबिक लाहौर स्थित चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में हर दिन सैकड़ों बच्चें निमोनिया से पीड़ित उपचार के लिए आ रहे हैं.

मिली जानकारी के मुताबिक अधिकांश बच्चे खांसी और फेफड़ों में सांस लेने की दिक्कत से परेशान हैं. मौजूदा समय में कई देश प्रदूषण का शिकार बने हुए हैं.

## रूस ने सैन्य विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के शव देने से किया

कीव। रूस ने कुछ दिनों पहले हुए सैन्य विमान दुघज़्टना मामले में यूक्रेन पर बड़ा आरोप लगाते कहा है कि जेलेंस्की की सेना ने अपने ही लोगों पर हमला करके मार गिराया। बता दें कि रूस में जो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, उसमें यूक्रेनी सैनिक सवार थे, जो रूस की कैद में थे। उन कैदियों को एक स्थान से दूसरी जगह ले जाया जा रहा था। इसी दौरान विमान दुघज़्टना में उनकी मौत हो गई थी। अब रूस ने उन कैदियों के शव सौंपने के यूक्रेन के अनुरोधों को खारिज कर दिया, जो रूस के दावे के अनुसार रूसी सैन्य परिवहन विमान पर यूक्रेनी बलों के हमले में मारे गए थे।



यूक्रेन के एक गुप्तचर अधिकारी ने यह जानकारी दी। यूक्रेन सेना की गुप्तचर सेवा के प्रवक्ता आंद्री यूसोव ने बृहस्पतिवार रात टीवी पर प्रसारित अपने बयान में 24 जनवरी को रूस में हुई उस घटना की अंतरराष्ट्रीय जांच कराने की यूक्रेन की मांग दोहराई। यूक्रेन के अनुसार अंतरराष्ट्रीय जांच से यह पता चलेगा कि आईएल-76 विमान में चालक दल के साथ-साथ हथियार या यात्रियों को ले जाया जा रहा था या नहीं। रूस ने यूक्रेन पर अपने लोगों को मारने का आरोप लगाया है जबकि यूक्रेन ने रूस के दावों को दुष्प्रचार बताते हुए खारिज कर दिया है।

यूक्रेन ने इस बात से न तो इनकार किया है और न ही स्वीकार किया है कि उसके बलों ने विमान को मार गिराया था।

## यूक्रेन युद्ध मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने मारी पलटी

द हेग (नीदरलैंड) : संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने रूस-यूक्रेन युद्ध मामले में पलटी पार दी है। बता दें कि यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आइसीजे) में रूस के खिलाफ नागरिकों के नरसंहार का केस दायर किया था। मगर आइसीजे ने कहा कि वह इस पर फैसला नहीं दे सकता। इतना ही नहीं आइसीजे ने कहा कि वह रूस के खिलाफ नरसंहार के मामले पर फैसला देने के बजाय यह देखेगा कि यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय संधि का उल्लंघन किया है या नहीं। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के इस रुख से अब यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भी हैरान रह गए हैं।

आइसीजे ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन द्वारा यह घोषणा करने के अनुरोध पर फैसला देना उसके अधिकार क्षेत्र में है कि यूक्रेन नरसंहार के लिए जिम्मेदार नहीं है, लेकिन रूस के खिलाफ यूक्रेन के मामले के अन्य पहलुओं पर नहीं। दोनों देशों ने कई बार एक-दूसरे पर नरसंहार का आरोप लगाया है। रूस द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमला किया गया था और इसके कुछ दिनों बाद ही यूक्रेन ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीजे) में मामला दायर कर आरोप लगाया कि रूस ने हमले को सही ठहराने के लिए नरसंहार के झूठे दावों का इस्तेमाल किया, जिसने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़ा संघषज़् शुरू किया। लेकिन अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर फैसला नहीं दे सकती। कीव पर हमला करने के लिए यूक्रेन पर झूठे नरसंहार का दावा करने के रूस पर लगे आरोपों पर आइसीजे ने कहा कि इसके बजाय वह यह फैसला देगा कि क्या यूक्रेन ने संधि का उल्लंघन किया है।

## एसबीआई के मुनाफे में 35 फीसदी की बड़ी गिरावट

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक के मुनाफे में बड़ी गिरावट आई है। बैंक का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्त वषज़् की तीसरी तिमाही में 35 प्रतिशत गिरकर 9,164 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वषज़् की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 14,205 करोड़ रुपये रहा था।




एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 1,18,193 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वषज़् की समान तिमाही में 98,084 करोड़ थी। बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 1,06,734 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वषज़् की समान तिमाही में 86,616 करोड़ रुपये थी। माकेज़्ट एक्सपटज़् का कहना है ?कि बैंक के मुनाफे में बड़ी गिरावट का असर स्टॉक पर देखने को मिल सकता है। सोमवार को बैंक के स्ह्लशष्म्भ में गिरावट आ सकती है।

दिसंबर, 2023 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (हक्र) घटकर सकल ऋष्ठा का 2.42 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 3.14 प्रतिशत थी। इसी तरह, तीसरी तिमाही के अंत में शुद्ध एनपीए भी घटकर 0.64 प्रतिशत हो गया जो पिछले साल 0.77 प्रतिशत था। एकीकृत आधार पर एसबीआई समूह का शुद्ध लाभ दिसंबर, 2023 तिमाही में 29 प्रतिशत गिरकर 11,064 करोड़ रुपये रह गया।

## सोन ह्युंग-मिन ने दक्षिण कोरिया को एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचाया

दोहा। कप्तान सोन ह्युंग-मिन ने शुक्रवार रात स्टॉपेज-टाइम पेनल्टी जीती और अतिरिक्त समय फ्री-किक बनाकर ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 की वापसी के बाद दक्षिण कोरिया को एएफसी एशियाई कप सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। टूर्नामेंट के दो बार के विजेता, 1960 के बाद पहली बार महाद्वीपीय खिताब हासिल करने के करीब एक कदम आगे बढ़ते हुए, मंगलवार को अंतिम-चार मुकाबले में जॉर्डन से भिड़ेंगे।



जर्मनी से दक्षिण कोरिया के मुख्य कोच जुर्गन क्लिंसमैन ने मैच से पहले कहा, मैं चाहता हूं कि वे अनुभव करें कि किसी टूर्नामेंट के अंत तक पहुंचने और ट्रॉफी के लिए खेलने का क्या मतलब होता है।अपनी टीम के लिए क्लिंसमैन के प्रोत्साहन को 2015 संस्करण के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक क्वार्टरफाइनल में अच्छी प्रतिक्रिया मिली।दोहा के अल जनौब स्टेडियम में तेज़ हवा और थोड़ी ठंडी रात में, सॉकेरोज़ ने पूरी ऊर्जा और रक्षा से आक्रमण तक धाराप्रवाह परिवर्तन के साथ खेल की अच्छी शुरुआत की।4-3-3 फॉर्मेशन में बाएं विंगर क्रेग गुडविन ने प्रतिद्वंद्वी के गलत पास के बाद क्षेत्र के किनारे पर कब्ज़ा कर लिया और 42वें मिनट में नाथनियल एटकिंसन के साथ अच्छे संयोजन के बाद ओपनर के लिए बाएं पैर से वॉली मारा। ब्रेक के बाद दक्षिण कोरिया ने और भी अधिक प्रयास किए, लेकिन कई क्रॉस के बाद बराबरी हासिल करने में असफल रहा, क्योंकि विशाल सेंटर-बैक हैरी सॉटर ने क्षेत्र में एक ठोस रक्षा का नेतृत्व किया।

## इस बार रद्द होगा पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस?

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ने हाल ही में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के नए ग्राहक बनाने पर रोक लगा दी. इसके बाद पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शमाज़ ने ग्राहकों को भरोसा दिलाया कि 29 फरवरी के बाद भी पेटीएम सर्विस जारी रहेगी. लेकिन अब ब्लूमबगज़् ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि आरबीआई बैंक का लाइसेंस रद्द करने के बारे में सोच रहा है. इस पूरे मामले से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि आरबीआई ने पिछले दिनों ईडी को पेटीएम में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की भी जानकारी दी थी. इकोनॉमिक टाइम्स में प्रकाशित खबर में इससे जुड़ी जानकारी दी गई है. बैंक पर केवाईसी नियमों का पालन नहीं करने का भी आरोप है.

## टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे तस्कीन अहमद?

नई दिल्ली। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने बांग्लादेश क्रिकेट बोडज़् से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का अनुरोध किया है। हाल के दिनों में बांग्लादेश के सवज़्श्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक तस्कीन ने बोडज़् से कहा है कि वह केवल व्हाइट बॉल क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।



बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने शनिवार, 3 फरवरी को क्रिकबज से बात करते हुए इसकी पुष्टि की। जलाल ने कहा कि तेज गेंदबाज ने अनुरोध के साथ एक पत्र भेजा था। बांग्लादेश प्रीमियर लीग के समापन के बाद इस पर विचार किया जाएगा।

जलाल यूनुस ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, ÷उन्होंने (तस्किन) एक पत्र भेजा था, जिसमें कहा गया था कि वह टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हैं। खेल (वर्तमान बीपीएल) खत्म होने के बाद हम इस संबंध में उनके साथ बैठेंगे। तेज गेंदबाज को हाल ही में समाप्त हुए वनडे वल्डज़् कप 2023 के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। यह संभव हो सकता है कि तेज गेंदबाज समान कारणों से लंबे प्रारूप का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हों।

*महतारी वंदन योजना के लिए....*

05 से 20 फरवरी 2024 तक आनलाइन-आफलाइन कर सकेंगे आवेदन। 21 फरवरी को अनंतिम सूची जारी करने की तिथि। 26 से 29 फरवरी तक आपत्ति निराकरण की अवधि। 01 मार्च 2024 को होगा अंतिम सूची का प्रकाशन। 05 मार्च 2024 को जारी होगा स्वीकृति पत्र, 08 मार्च 2024 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा भुगतान.

*विधानसभा में फ्लोर टेस्ट में....*

राजनीतिक वाद-विवाद का दौर जारी. इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक वाद-विवाद का दौर जारी है. बीजेपी ने केंद्र सरकार पर राजनीतिक फायदे के लिए आदिवासी नेता को प्रताड़ित करने का आरोप लगाने को लेकर हेमंत सोरेन के समर्थकों की आलोचना की है. बीजेपी ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्य में भ्रष्टाचार और लूट में शामिल होने के चलते गिरफ्तार किया गया है. बीजेपी ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार आदिवासी समाज की बहुत परवाह करती है.

*अलग कमरा, पुलिस का पहरा....*

पुलिस ने रिजॉर्ट की ओर जाने वाली एक सहायक सड़क पर अवरोधक लगाये हैं और वाहनों का प्रवेश निषिद्ध कर दिया है. कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के सूत्रों ने कहा कि झारखंड के विधायक पांच फरवरी को रांची के लिए रवाना होंगे जब चंपई सोरेन सरकार विश्वास मत का सामना करेगी.

*छत्तीसगढ़ में आयुष्मान योजना ....*

योजना के विपरीत मरीजों से अतिरिक्त राशि लिए जाने की अथवा अन्य अनियमितता संबंधी शिकायतें प्राप्त होती

## शेष प्रथम पृष्ठ का

है, उन पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिया है कि योजना के मरीजों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बता दें कि इस योजना के अंतर्गत निजी एवं शासकीय अस्पतालों के क्लेम भुगतान के लिए तृतीय किश्त 247.50 करोड़ रु. वित्त विभाग ने जारी कर दी है।

*राजिम कुंभ मेलाः लौटेगी ....*

पानी, टैंकर, ट्यूबवेल आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वन विभाग से पर्याप्त जलाऊ लकड़ी, झोपड़ी निर्माण, यज्ञ के लिए आवश्यक लकड़ी व्यवस्था करने को कहा। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मेला अवधि के दौरान चारों निकटम जिलों के परिवहन विभाग को समन्वय कर सभी दिशाओं से लगभग 100 बस अलग अलग टाइमिंग में रात 2 बजे तक चलाने के निर्देश दिए। जिससे मेला आने वालों को आवागमन में परेशानी न हो। साथ ही बस में सुरक्षा की दृष्टि से होम गार्ड भी रखना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग को पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र संचालित करने कहा।

तीनो जिलों के अधिकारी को प्लान करके 100 से अधिक दाल भात केंद्र खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक संस्थानों का भी इसमें सहयोग लेने के निर्देश दिए। जिससे मेला आगंतुकों को खाने पीने में असुविधा न हो। मंत्री श्री अग्रवाल ने महानदी में पानी छोड़कर नदी को साफ करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने घाट निर्माण की प्रगति की जानकारी लेकर तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मेला में स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि मेला में 24 घंटे चिकित्सा व्यवस्था रहेगी। मंत्री श्री अग्रवाल ने पर्याप्त संख्या में 108 एंबुलेंस, मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। मेला में तीनो जिले के अधिकारियों के समन्वय से हेल्थ कैंप भी लगाने के निर्देश दिए। यातायात के सुलभ संचालन के लिए कहा कि वैकल्पिक रास्ता अपनाए जिससे लोगो को सहूलियत हो। प्लानिंग करके यातायात के लिए पर्याप्त जवान की ड्यूटी लगाएं हो नागा बाबा के रहवास के तरफ 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था हो।

राजस्व विभाग के अधिकारियों को पर्याप्त संख्या में पटवारी, तहसीलदार, कोटवार की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था करने को भी कहा। मंदिर देवालयों के रंगाई पुताई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तीनों जिलों के अधिकारियों से आवश्यक संख्या में फायरब्रिगेड की व्यवस्था करने कहा। जरूरत पड़ने पर भिलाई दुर्ग से भी आवश्यक फायर ब्रिगेड मंगाने के निर्देश दिए। साधु संतो के आवास व्यवस्था के लिए धर्मशाला, सराय आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। नजदीकी जिलों रायपुर, धमतरी में भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री अग्रवाल ने स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए एक अलग मंच बनाने के निर्देश दिए जिसमे सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यक्रम चलेगा। बैठक में मंत्री श्री अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प के भव्य आयोजन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव मांगे।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप में हो सकता है भारत-पाकिस्तान फाइनल-दोनों का सेमीफाइनल जीतना जरूरी; आयरलैंड से हारकर न्यूजीलैंड बाहर



जोहानसबर्ग। क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर भारत-पाकिस्तान वर्ल्ड कप फाइनल देखने का मौका मिल सकता है, लेकिन इसके लिए दोनों टीमों को अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीतने होंगे। पहले सेमीफाइनल में 6 फरवरी को भारत का सामना मेजबान साउथ अफ्रीका से और 8 फरवरी को पाकिस्तान का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

शनिवार को इस टूर्नामेंट का सेमीफाइनल लाइनअप तय हो चुका है। भारत, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ने टॉप-4 जगह बना ली है। सुपर-6 राउंड में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 5 रन से, आयरलैंड ने न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस मैथड के तहत 41 रन से और इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को 146 रन के अंतर से हराया।

### आयरलैंड की न्यूजीलैंड पर पहली जीत

आयरलैंड ने न्यूजीलैंड पर क्रिकेट इतिहास की पहली टीम जीत हासिल की है। आयरलैंड ने कीवी टीम को डकवर्थ लुईस मैथड के तहत 41 रनों से हराया। ब्लूमफोनटेन में टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 267 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 32.1 ओवर में 5 विकेट पर 131 रन बनाए थे, तभी बारिश आ गई। कैन हिल्टन ने 72 रनों की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### पाकिस्तान और इंग्लैंड भी जीते

दिन के अन्य मुकाबलों में पाकिस्तान और इंग्लैंड ने जीत हासिल की। बिनानी में पाकिस्तानी टीम ने पहले तो 155 रन का स्कोर खड़ा किया। उसके बाद बांग्लादेश को 150 रन पर ऑलआउट कर दिया। उबैद शाह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 5 विकेट लिए। दूसरी ओर, ब्लूमफोनटेन में इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 237 रन बनाए और जिम्बाब्वे को 91 रन पर ऑलआउट कर दिया। इंग्लिश टीम से तैजिम चौधरी अली ने 7 विकेट झटके। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

# कुपोषण दूर करने के लिए सबकी भूमिका महत्वपूर्ण - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सामुदायिक सहभागिता से सुपोषित राजनांदगांव के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामाजिक संस्थाओं की बैठक ली। आयोजित बैठक में जिले की विभिन्न सामाजिक संगठन एवं संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि कुपोषण दूर करने के लिए जागरूकता और सामाजिक चेतना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को गोद लेकर सुपोषित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। बालक-बालिकाओं का सुपोषण करना हम सबकी सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों में सुपोषण के लिए हमारे घर और आसपास जो पौष्टिक चीजें उपलब्ध हैं, उनका अधिकतम उपयोग करना जरूरी है और इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक करें। इसके अलावा कुपोषित बच्चों को किस तरह सुपोषित किया जाए, इस पर भी चर्चा की जानी चाहिए। किशोरी बालिकाओं और गर्भवती माताओं को सुपोषित करने का प्रयास हर स्तर पर किया जाना चाहिए। इस कार्य के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है, तभी कुपोषण दूर हो पाएगा। उन्होंने कुपोषण दूर करने के लिए सबकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

कलेक्टर ने कहा कि सुपोषण के लिए सभी का सजग एवं जागरूक होना जरूरी है। उसके साथ-साथ यह भी आवश्यक है कि जागरूक जन सुपोषण के तौर तरीकों को और अधिक लोगों तक पहुंचाएं और उन्हें जागरूक करें। इसके अलावा कुपोषण दूर करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सतत मानिटरिंग आवश्यक है, जिससे यह पता चल सकें कि इस दिशा में किया गया प्रयास सफल है। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा। उन्होंने समय-समय पर बच्चों के वजन कराने पर भी जोर दिया। कुपोषण दूर करने के लिए उन्होंने सामुहिक प्रयास करने पर जोर दिया और कहा कि सुपोषण के लिए निरंतर प्रयास करते रहें, तभी सफलता मिल पाएगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सामाजिक सस्थाओं के प्रतिनिधियों से सुझाव भी मांगे।



इसके लिए जागरूकता और सामाजिक चेतना आवश्यक
कलेक्टर ने सुपोषित राजनांदगांव के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सामाजिक संस्थाओं की बैठक ली

पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने बच्चों में सुपोषण बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किशोरी बालिकाओं, गर्भधात्री माताओं तथा बच्चों के सुपोषण के लिए विशेष ध्यान देना जरूरी है। बच्चों के जन्म से लेकर आगे तक की उम्र के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, विटामिन एवं अन्य प्रकार के फल-सब्जियां पर्याप्त मात्रा में ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जन्म के समय बच्चों का वजन निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप होना चाहिए। यदि उन मापदण्डों के अनुरूप वजन नहीं होने पर बच्चों को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और अन्य खाद्य पदार्थ दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को घर में और आस-पास उपलब्ध कई ऐसी खाद्य सामग्री होती है, जिनमें पर्याप्त मात्रा में आयरन, प्रोटीन, विटामिन उपलब्ध होते है। बच्चों को मूंगफल्ली, गुड़, चिक्की, अंकुरित दालों के अलावा पालक व विभिन्न प्रकार की सब्जियां और फलों के रस आदि का सेवन कराएं, इससे बच्चे सुपोषित होंगे।

पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव ने कहा कि गांव में अनेक महिला समूह क्रियाशील है। उनकी बैठक लेकर सुपोषण के लिए लोगों को जागरूक किया जा सकता है। इससे एक अभियान के रूप में चलाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव देते हुए कहा कि दुलरहीन लईका के लिए माह में परिवारजन से 1-1 रूपए एकत्र कर कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने पर व्यय किया जाए, इस पहल से सुपोषित बच्चे सुपोषित हो सकेंगे। बैठक में उपस्थित अन्य सामाजिक संस्थाओं एवं महिला स्वसहायता समूहों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संगठनों एवं समूहों द्वारा सुपोषण की दिशा में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी और आगे की रणनीति के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

# 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का हुआ जिले के विद्यालयों में सीधा प्रसारण



**78 हजार 32 विद्यार्थी हुए लाभान्वित**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने के लिए भारत मण्डपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में %परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण को जिले में संचालित 680 विद्यालयों में प्रदर्शित किया गया। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को स्मार्ट क्लास अंतर्गत संचालित 170 विद्यालयों में तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम के 10 विद्यालयों में प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़ी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम को कक्षा 6वीं से 12वीं तक के कुल 78 हजार 32 विद्यार्थियों ने देखा, जो कुल दर्ज संख्या का 82 प्रतिशत है। इस कार्यक्रम में जिले के 4 हजार 275 शिक्षक सम्मिलित हुए, वहीं 2 हजार 692 अभिभावकों एवं 1 हजार 17 जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को देखा।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में कार्यक्रम देखने व सुनने की व्यवस्था की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी विद्यालयों में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का लाभ विद्यार्थियों ने लिया एवं कार्यक्रम के बाद फोटोग्राफ्स वेबसाईट पर अपलोड की गई। कार्यक्रम की मानिटरिंग के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया था।

# शक्ति वंदन अभियान मातृशक्ति से संपर्क एक इनकपेरेबल चांस है -आभा तिवारी



राजनांदगांव (दावा)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के उत्थान हेतु प्रयासरत है महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में हो सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास रहे इस कार्य को बढ़ावा देने अनेक कार्यक्रम आयोजित कर रहे है शक्ति वंदन अभियान भी इसी कड़ी से जुड़ी है।

महिलाओं द्वारा चल रहे समाज में अतुलनीय योगदान करने वाले को देश के सामने लाकर उनकी कार्य शक्ति को देश का माडल बना कर रखना ताकि उनकी प्रेरणा से महिला बहन प्रोत्साहित हो तथा प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना से जोड़ना विकास की गति को आगे बढ़ाना यह हमारा संकल्प जिला महिला मोर्चा की प्रभारी आभा तिवारी ने कहा कि हम सभी के लिए यह सुनहरा अवसर है प्रदेश भाजपा ने फरवरी माह में चलने वाले शक्ति वंदन अभियान के लिए स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ की महिला, स्वच्छता दीदी ड्रोन दीदी मितानिन सदस्यों से संपर्क के लिए 24 जनवरी को कुशाभाऊ प्रदेश भाजपा कार्यालय रायपुर में विशेष कार्यशाला की गई। शक्ति वंदन अभियान पूरे देश में मातृशक्ति से संपर्क करने का भाजपा का अद्वितीय अभियान है, जिन्होंने धरातल पर सामूहिकता और सामाजिक समरसता, स्वच्छता का काम किया है और वह आत्मनिर्भर है। भारत की कल्पना का महत्वपूर्ण अंग आत्मनिर्भर है। शक्ति वंदन इस अभियान में प्रेरणादायक महिलाओं का सम्मान होना है इस अभियान में लगभग 10 करोड़ से अधिक महिलाओं से संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प से जोड़ना है। हमें उनसे भी सीधे संपर्क करना है, किसान 31 लाख अनुसूचित जाति 2.01 करोड़ है अनुसूचित जनजाति 1.24 करोड़ है दिव्यांग 18.14 लाख की संख्या है छत्तीसगढ़ में लगभग 35 लाख लोगों से जो विभिन्न स्तर पर कार्यरत है उनसे संपर्क कर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच है कि हर महिला हो आत्मनिर्भर लख पति दीदी बनाना। हर कार्यक्षेत्र से जुड़ी महिला शक्ति से संपर्क स्थापित करना चाय पर चर्चा करना और योजनाओं की जानकारी देना। ऐसे अनेक कार्यक्रम आयोजित होनी है इस हेतु टीम गठित की गई है। केंद्रीय समिति, प्रदेश समिति जिला समिति, विधानसभा समिति बनाई गई है। आभा तिवारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है। जिन लोगों को योजना का लाभ मिल गया है उनके लिए यह अच्छी बात है और जिन्हें अब तक नहीं मिला है हम उन महिलाओं तक मोदी सरकार की योजना का लाभ पहुंचाये और उन्हें सशक्त बनाएं। इसे लेकर के कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। स्फूर्तिदायक महिलाओं का सम्मान होगा। अब जब 33 प्रतिशत महिला आरक्षण मोदी सरकार ने दी है। तो हमारा कर्तव्य है कि हम अपना योगदान देश के लिए भी दे। ताकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संकल्प पूरा हो।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में बेलरगोंदी की टीम बनी विजेता

छुरिया (दावा)। ग्राम व ग्राम पंचायत गर्रापार में न्यू स्टार क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 टीमों ने हिस्सा लिया। जो की लगभग 15 दिनों तक चला।

क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय हिरेन्द्र साहू मंत्री भाजपा जिला किसान मोर्चा राजनांदगांव, अध्यक्षता बालमुकुंद कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत गर्रापार एवं विशेष अतिथि के रूप में भानू प्रभा नेताम, सुबेलाल भक्ता अमरौतिन बाई, कमलाबाई, जागेश्वर साहू, धनंजय कुमार, भगवान दास साहू, राजकुमार साहू, सहित आसपास के ग्रामीण जन उपस्थित रहे। प्रथम पुरस्कार बेलरगोंदी, द्वितीय पुरस्कार मोहड़ डोंगरगांव एवं तृतीय पुरस्कार गर्रापार की टीम ने प्राप्त किया।

# दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में पहुंचे एसपी मोहित गर्ग

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) में संस्था के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर सरंक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर आयोजित किया गया है।

शिविर के पांचवे दिन 31 जनवरी के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में राजनांदगांव जिला के एस.पी. मोहित गर्ग सम्मिलित हुए। उन्होंने स्कूली छात्र/छात्राओं के साथ-साथ ग्राम वासी और शिविर में उपस्थित समस्त स्वयंसेवियों को नशा के खिलाफ जागरूक किया।



पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग द्वारा ग्राम के युवाओं को कहा कि युवा देश की ऊर्जा होते है। युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। हम लोग भारत किताबों में पढ़ते आ रहे अब भारत उससे अलग है, आज हमारा भारत विकसित देश है विकाशशील से आगे निकल चुका है। भारत को नशा मुक्त बनाने के लिये युवाओं को आगे आना होगा। इनकी भागेदारी से ही एक सभ्य समाज की संरचना होगी। हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह अपने पड़ोस में नशे को पैर नही जमाने देगा तथा हर युवा यह ठान ले कि वह युवाओं को नशे का आदी नही होने देगा तो, समाज को नशा मुक्त करने में सफलता अवश्य मिलेगी। तत्पश्चात रासेयो स्वयंसेवियों द्वारा सवाल सवाल पूछा गया कि यूपीएससी कैसे करे पास ? एसपी मोहित गर्ग सर ने बताए यूपीएससी तैयारी करने का टिप्स, एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रधान पाठक वैष्णव हुए सेवानिवृत्ति, संकुल के शिक्षकों ने दी विदाई, किया सम्मान



**डोंगरगढ़/अछोली (दावा)। विकासखंड के ग्राम साडीडीह संकुल भैंसरा के प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत शिवकुमार वैष्णव का 31 जनवरी को सेवाकाल का 62 वर्ष पूर्ण होने पर संकुल परिवार की ओर से भाव विभोर विदाई देकर सम्मानित किया गया।**

विदाई सम्मान समारोह में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत कलकसा के सरपंच अशोक साहू, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, संकुल प्राचार्य भैंसरा राजेंद्र श्रीवास्तव शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष केजू राम मांडवी अग्नि राम धुर्वे ग्राम पटेल संकुल केंद्र के समस्त शिक्षकों एवं ग्रामवासियों उपस्थिति मे, कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर फूल माला अर्पण किया गया।

## बच्चों ने सम्मान में दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

संकुल समन्वयक राजेश राजेकर के स्वागत उद्बोधन के पश्चात, बच्चों द्वारा उनके सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई।वही कार्यक्रम के अंतिम क्षण में विशिष्ट अतिथियों राजेंद्र श्रीवास्तव संकुल प्राचार्य द्वारा उनके 38 वर्ष तक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# प्री मौट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में 'अभिव्यक्ति' कार्यक्रम



**छात्राओं को किया गया जागरुक**

राजनांदगांव (दावा)। रक्षा टीम पुलिस व महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में जाकर उन्हें अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत जागरुक किया गया।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशानुसार अति.पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती सोनिया उके के मार्गदर्शन में अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत एक जनवरी को रक्षाटीम स्टॉफ प्रधान आरक्षक पूरन लाल, महिला आरक्षक रीनू मेश्राम, महिला प्रधान आरक्षक डोमेश्वरी साहू व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक नंदनी ठाकुर एवं स्टॉफ, प्रधान आरक्षक अंजू सिंह के द्वारा प्री मौट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास चेंकिग में पहुंच कर उपस्थिति में छात्रावास अधीक्षक सभी छात्राओं से पूछताछ कर समस्या को सुना गया एवं उनकी सुरक्षा व अधिकार से संबधित कानूनी ज्ञान जैसे पॉक्सो एक्ट, गड टच बेड टच, नशे से दूर रहने, सायबर सुरक्षा यातायात नियमों, सोशल मीडिया से होने वाले अपराधों, लैंगिक समानता, ऑनलाईन ओटीपी को किसी से शेयर नही करने, एवं 'अभिव्यक्ति ऐप' के बारे विस्तृत जानकारी देकर अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराया गया।

# विधानसभा स्तरीय नमो नव मतदाता सम्मेलन संपन्न



**डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के श्याम रिजॉर्ट में नव मतदाता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रभारी दुर्गेश साहू ने बताया कि डोगरगढ़ विधानसभा के शहर व ग्रामीण मंडल घुमका मंडल, पाढादाह मंडल से 350 नव मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लाइव एलईडी के माध्यम से जुड़े भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर नव मतदाताओं को देशहित और राष्ट्रहित में युवाओं की भागीदारी और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।**

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, जसमीत बन्नौआना, प्रशांत कोडापे, जयंत साहू, अखिलेश गढ़वाल, सुमित मिश्रा,राघवेंद्र वर्मा, ललित साहू, शिवम योगी, सत्य प्रकाश मिश्रा, हरीश मोटघरे, सविता दरगड, लक्ष्मी यादव, नईम खान, अनीता लोकेश इंदुरकर, संतोष राव, विजेन ठाकुर, दीपक ठाकुर, अमित छाबड़ा, विनोद बारले, जसप्रीत सिंह, पपलू, जितेन गेंडरे, मोहित वर्मा, अक्षय यादव, जयकांत सिंह, आवेश निगम, आकाश जंघेल, गणेश साहू, जयप्रकाश साहू, मिनटी चक्रवर्ती, जय देवांगन, डिंपी महापात्र, महेंद्र त्रिपाठी, साहिल शिंदे, बिट्टू पेनेसर, सत्यम यादव, राम यादु, लल्ला यादु, सोमांशु गजेंद्र सहित अन्य शामिल रहे।

# ऑन द राइस मार्शल आर्ट्स एकेडमी खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

डोंगरगढ़ (दावा)। विगत दिनों दो दिवसीय ओपन स्टेट कराते चैंपियन शिप में ऑन द राइस मार्शल आर्ट्स एकेडमी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 20 जनवरी से प्रारंभ प्रतियोगिता राजनांदगांव में आयोजित की गई थी। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



समापन समारोह में भूतपूर्व सांसद मधुसदन यादव मुख्य अतिथि एवं अमल तालुकदार छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। उक्त टूर्नामेंट में डोंगरगढ़ के ऑन द राइस मार्शल आर्ट्स एकेडमी संस्था से 4 खिलाडियों ने हिस्सा लिया जिसमें शौर्य महेश मिश्रा 16 वर्ष सिल्वर मेडल, एबेनेजर (आदि) आलोक लॉरेंस 9 वर्ष ब्राउंज मेडल, सिमरन भीषम लाल देवांगन 9 वर्ष ब्राउंज मेडल, चित्रांश अनिल मनियार ने अपना बहुत अच्छा प्रदर्शन कर संस्था , माता पिता व नगर को गौरवान्वित किया संस्था के कोच मुकेश साहू ने बच्चों को बढ़ाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 20 जिलों के खिलाड़ियों ने लिया भाग

ओपन स्टेट कराते चैंपियन शिप प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के 20 जिलों के करीब 450 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टूर्नामेंट को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

उक्त टूर्नामेंट में रायपुर, दुर्ग,भिलाई, बिलासपुर, कबीरधाम, बलोदाबाजार, बेमेतरा, भाटापारा, जगदलपुर, कांकेर, खैरागढ़, डोंगरगढ़, रायगढ़, कोरबा एवं राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीत कर अपने जिले को गौरवान्वित किया।

# राज्य व्यावसायिक पूरक परीक्षा 19 से 26 फरवरी तक

7 फरवरी तक भरे जाएंगे फार्म

राजनांदगांव (दावा)। राज्य व्यावसायिक पूरक परीक्षा (एससीव्हीटी) 19 से 26 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। प्राचार्य आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि प्रवेश सत्र 2020, 2021, 2022 तथा 2023 के वे प्रशिक्षणार्थी जिन्हें पूरक की पात्रता है।

प्रवेश सत्र 2019 के द्विवर्षीय परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए है, वे 7 फरवरी 2024 तक अपने 10वीं, आईटीआई अनुत्तीर्ण अंक सूची छायाप्रति, दो पासपोर्ट साईज फोटा, निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में उपस्थित होकर परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

# ईमानदारी का परिचय देने वाले गायत्री स्कूल के बच्चों का किया गया सम्मान

**राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली थाना पुलिस ने बुधवार 31 जनवरी को अपनी ईमानदारी का परिचय देने वाले बच्चों का उनके स्कूल गायत्री विद्यापीठ में जाकर सम्मान किया गया और उनको शाबाशी देते हुए स्कूल के सभी बच्चों को इसी तरह ईमानदारी का परिचय देने हेतु प्रेरित किया।**

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि 31 जनवरी को गायत्री स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों को सोने एवं चांदी के जेवरात रास्ते में पड़ा मिला था, जिसे उक्त स्कूल के छात्र आयुष साहू, यश वर्मा द्वारा थाना कोतवाली से टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना हुए उप निरीक्षक बलदाऊ चंद्रकार, आरक्षक राम खिलावन सिन्हा, नरेन्द्र प्रजापति को सुपूर्द किया गया। बैंग के ऊपर महावीर ज्वेलर्स गुड़ाखु लाईन राजनांदगांव लिखा था। इस पर संबंधित ज्वेलर्स दुकान से संपर्क किया गया और पूछताछ करने पर उक्त जेवर के मालिक ज्योति जैन पति राकेश जैन उम्र 40 वर्ष निवासी कंचनबाग राजनांदगांव द्वारा खरीदना बताया। जिस पर उक्त मालिक को बुलाकर सकुशल सौंपा गया।



टीआई एमन साहू ने दोनों बच्चों का सम्मान करते हुए बच्चों को सायबर संबंधी एवं यातायात गुड टच बैड टच के बारे में दी जानकारी

गायत्री स्कूल के उक्त बच्चों की ईमानदारी पर खुश हो कर, गुरुवार एक जनवरी स्वयं अपने थाने की टीम लेकर गायत्री स्कूल पहुँचकर ईमानदारी का परिचय देने वाले उन दोनों बालकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अन्य सभी स्कूलों के बच्चों को ईमानदारी का परिचय देने हेतु प्रेरित किया गया। श्री साहू ने बताया कि स्कूल के सभी बच्चों को सायबर संबंधी अपराध एवं यातायात नियमावली तथा गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी बताया गया। इस सम्मान समारोह में गायत्री स्कूल के चेयरमैन बृजकिशोर सुरजन सहित सभी छात्र-छात्राएं शिक्षकगण, प्राचार्य महोदया तथा स्कूल स्टाफ के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मॉडल स्टेशन बन रहा नांदगांव रेल्वे स्टेशन

## सौ करोड़ से अधिक के चल रहे कार्य.... माल गोदाम जल्द होगी शिफ्टिंग

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी के दानवीर राजा द्वारा रेल्वे को उपलब्ध कराई गई जमीन पर बने नांदगांव रेल्वे स्टेशन व गुजरी रेल्वे लाइन का कई वर्षों बाद कायाकल्प होने जा रहा है। वैसे इसकी अहल्या की तरह उद्धार होना कुछ वर्ष पहले से शुरू हुआ था लेकिन अब इसका पूरा कायाकल्प होकर किसी एयर पोर्ट लाउंज की तरह दिखने का काम अमृत भारत योजना के तहत होने लगा है।

स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन ने बताया कि कुछ वर्ष पहले हुए उसके उद्धार के क्रम में यात्रियों को नए फूट ओवर ब्रिज, स्क्लेटर, दिव्यांगों व बुजुर्गों के लिए लिफ्ट सहित अन्य आधुनिक सुविधाए मुहैया कराई गई है। लेकिन अब इसमें माल गोदाम के पास एक और फूट ओवर ब्रिज के साथ उसमें स्क्लेटर सुविधा और जुडने जा रही है। वही महिला यात्रियों के लिए प्लेट फार्म 1 व 2 पिंक कक्ष की व्यवस्था भी कर दी गई है। माल गोदाम को वहां से पारींकला में ले जाकर उक्त स्थान में एक नम्बर प्लेट फार्म बनाने की योजना जल्द ही सुनिश्चित की जाएगी। बता दे कि रेल्वे स्टेशन में यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने के चलते रेल्वे स्टेशन में भी वातानुकुलित कक्ष सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। रेल्वे स्टेशन में शहर की ओर तथा स्टेशन पारा की ओर आकर्षक उद्यान से लेकर पार्किंग व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जा रही है। इसी तरह स्टेशन पारा रेल्वे क्रासिंग के पास तथा गौरी नगर क्रासिंग के पास रेल्वे अंडर ब्रिज का काम शुरू कर दिया गया है।

**एयर पोर्टलाउंज की तरह दिखेगा स्टेशन का**




### चौथी रेल लाइन का विस्तार

बताते चले कि राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से डोंगरगढ़ तक चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य सुनिश्चित कराने के लिए सर्वे कार्य भी तेज कर दिया गया है। दर्रेकसा तक तीसरी लाइन का वितस्तार हो जाने के बाद ट्रेनों की स्पीड में काफी बढ़ोतरी हो जाएगी। रेल्वे अधिकारियों की माने तो 110 से 130 कि.मी. की रफ्तार से अब ट्रेने पटरी पर दौड़ रही है। रेल्वे इंजीनियर आदर्श शर्मा का कहना है कि पारींकला गांव में निर्मित हो चुके माल गोदाम में शिफ्टिंग का कार्य सड़क निर्माण होते ही शुरू कर दिया जाएगा। कुल मिलाकर देखा जाए तो राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन का कायाकल्प होने जा रहा है जिसे मॉडल का दर्जा मिलेगा।

### मॉडल रेल्वे स्टेशन

जानबा हो कि दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के अंतर्गत आने वाले नांदगांव स्टेशन को देश के चुनिंदा रेल्वे स्टेशनों में शामिल किया गया है। इसके तहत अमृत भारत योजना के द्वारा नांदगांव रेल्वे स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में तब्दील किया जाना है। इसके लिए विगत तीन वर्षों से करोड़ों के निर्माण कार्य सम्पन्न कराए गए है। जिसमें यात्रियों को उपयुक्त सुविधा उपलब्ध हुई है। अमृत भारत योजना में शामिल करने के बाद यहां पर लगभग 100 करोड़ रूपए से अधिक के निर्माण कार्य पूर्ण कराए जा रहे है। आने वाले दिनों में नांदगांव रेल्वे स्टेशन से आवाजाही करने वाले यात्रियों को वातानुकुलित कक्ष से लेकर चौबीस घंटे टिकट की व्यवस्था के साथ-साथ ट्रेनों की आवाजाही की जानकारी देने के लिए टीवी आदि की व्यवस्था की जाएगी।

# आडवाणी जी को भारतरत्न से देश के प्रत्येक नागरिक का सम्मान बड़ा है- खूबचंद पारख



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारतरत्न से सम्मानित की जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख ने कहा कि इस सम्मान से देश के प्रत्येक नागरिक का सम्मान बड़ा है, क्योंकि आडवाणी जी सुचिता के पालन के नाम से जाने जाते हैं, उन्होंने प्रभु श्री राम मंदिर की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया था।

श्री पारख ने कहा कि आडवाणी जी ने रथ यात्रा के माध्यम से पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया और कार सेवा तथा क्रमशः हजारों लोगों का बलिदान देने के बाद तथा कई सरकारों को बलिदान करने के बाद आज यह सुखद दिन आया कि सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री पारख ने कहा कि आडवाणी जी राजनीति में सुचिता, समर्पण और दृढ़ संकल्प के प्रतीक माने जाते हैं, उन्होंने बताया कि 1996 में हवाला कांड में उनका नाम आने पर उन्होंने तत्काल ही घोषणा की कि जब तक वह जांच में खरे नहीं उतरेंगे तब तक वह लोकसभा की दहलीज पर कदम नही रखेंगे। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार पर संकट आने पर भी उन्होंने इसका पालन किया।

भारत की एकता अखंडता को बनाए रखने में उनकी भूमिका रही, इसलिए केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस महत्वपूर्ण फैसले के लिए वह हृदय से पूरे देश की जनता की ओर से धन्यवाद देते हैं। श्री खूबचंद पारख ने कहा कि आडवाणी जी का राजनांदगांव से गहरा नाता है, जब वे प्रदेश के कार्यक्रम में रायपुर जा रहे थे तो राजनांदगांव में मुझे अपने घर में उनका आतिथ्य की सेवा का अवसर मिला था, यह मेरा सौभाग्य है की उन्होंने मेरे घर पर भी भोजन के साथ साथ सभी से संगठन की बातचीत भी की थी।

पूर्व उप प्रधानमंत्री के पद के साथ साथ उन्हे गृहमंत्री और सूचना तथा प्रसारण मंत्री के रूप में पहचान बनाने वाले आडवाणी जी को भारत रत्न मिलने पर खूबचंद पारख ने शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी है।

# दुर्ग से आज अयोध्या के लिए रवाना होगी आस्था स्पेशल ट्रेन, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस हुई रद्द, दिल्ली जाने वाले यात्रियो की परेशानी बढ़ी

राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन हेतु रेल्वे द्वारा स्पेशल ट्रेन चलाने की व्यवस्था की गई है। इसमें 31 जनवरी को गोदिंया से राजनांदगांव होकर अयोध्या जाने वाली आस्था ट्रेन अयोध्या में राम लला के दर्शन के लिए पहुंची भारी भीड़ के चलते रद्द कर दिया गया है। लेकिन आज 4 फरवरी को दुर्ग से अयोध्या जाने वाली ट्रेन अपने समय पर निकलने वाली है।

श्री राम भक्तों का दुर्ग से अयोध्या धाम पहुंचाने वाली ट्रेन की संख्या 08203 है जिसे दुर्ग-अयोध्या धाम आस्था स्पेशल का नाम दिया गया है। इस ट्रेन में विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ताओं के अलावा आम यात्री व श्री राम भक्त भी अयोध्या धाम पहुंचेंगे। इसके लिए विहिप द्वारा आईआरसीटीसी रेल्वे अफसरों को कार्यकर्ताओं की सूची व टिकट की राशि पहले से ही रिजर्वेशन कराने के लिए सौंप दी थी। बहरहाल उक्त ट्रेन से उनका आज रवाना होना सुनिश्चित है।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द



बता दे कि रेल प्रबंधन द्वारा समय-समय पर देश के विभिन्न खंडो में मेंटनेश का कार्य कराया जा रहा है। कई स्थानों पर रेल लाइन का विस्तार हो रहा। कही चौथी लाइन की पटरी बिछ रही है। इसके कारण ट्रेने या तो रदद कर दी जा रही है। या फिर विलम्ब से चलाया जा रहा है। वर्तमान में यूपी के मथुरा रेल जक्शन में चल रहे निर्माण कार्य के चलते नियमित रूप से बिलासपुर से अमृतसर के बीच चलने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन में भी आज 4 फरवरी तक रद्द कर दिया गया है। इससे दिल्ली सहित अन्य क्षेत्रों में आवाजाही करने वाले रेल यात्रियों की परेशानियों बढ़ी हुई है। एक तो उत्तर भारत में पड़ रहे घने कोहरे की वजह से ट्रेने विलम्ब से पहुंच रही है। इस पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का रद्द होना यात्रियों के लिए परेशानी मय साबित हो रहा है।

# जीम लाउंज करा रही क्रिकेट स्पर्धा : तुलसी बिहार टर्फ में खेले जायेंगे मैच

राजनांदगांव (दावा)। जयस्तंभ चौक राजनांदगाँव में स्थित जीम लाउंज परिवार की ओर से जी.पी.एल बॉक्स क्रिकेट स्पर्धा का भव्य आयोजन जी.ई. रोड स्थित तुलसी बिहार टर्फ में 4 फ़रवरी दिन रविवार को शाम 4.30 बजे से आरंभ किया जाना है, जिसका मुख्य उद्देश्य राजनांदगाँव शहरवासियों को फ़िटनेस से जोड़ने का प्रयास है।

जिम लाउंज के मैनेजर राज सिन्हा ने बताया है कि क्रिकेट स्पर्धा में जिम लाउंज के 8 टीमें भाग ले रहे हैं, और यह भी बताया है कि हर महीने फिटनेस से जुड़े कई कार्यक्रम इसी तरह से संचालित करते रहेंगे। इस कार्यक्रम के जिम संचालक सुनील ठक्कर व श्रीमती निमिशा ठक्कर तथा अभिषेक ठक्कर व देवांशी ठक्कर उपस्थित रहेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश जैन व निकहत परवीन उपस्थित रहेंगे।

# प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ किया मां बम्लेश्वरी का दर्शन



डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नीचे मां बमलेश्वरी माता के दर्शन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की कामना की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोंगरगढ़ आगमन पर श्री वर्मा का अग्रसेन चौक में भव्य स्वागत किया। इसके पूर्व श्री वर्मा का एलबी नगर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

# रॉयल किड्स कान्वेंट के 3 छात्र अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलँपियाड सेकेण्ड लेवल में चयनित

राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदयस्थल में स्थित संस्था आर.के.सी. ग्रुप ऑफ इंस्ट्रीट्यूशन के छात्र निशांत बरेठ, अंश नाहटा एवं हर्ष तिवारी का अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के सेकेण्ड लेवल में चयन हुआ है।

स्कूल लेवल पर तीनों छात्रों ने रैंक 1 हासिल किया है इसमें निशांत बरेठ (कक्षा-3) ने स्कूल रैंक 1, जोनल रैंक 20, रिजनल रैंक 51, इंटरनेशनल रैंक 57 प्राप्त कर द्वितीय लेवल पर पहुंचे एवं इसी तरह अंश नाहटा (कक्षा-5) ने स्कूल रैंक 1, जोनल रैंक 105, रिजनल रैंक 925, इंटरनेशनल रैंक 1482 और हर्ष तिवारी ने स्कूल रैंक 1, जोनल रैंक 310, रिजनल रैंक 1166, इंटरनेशनल रैंक 1567 हासिल करते हुए सेकेण्ड लेवल में चयनित होकर शाला का नाम रौशन किया। ये तीनो शाला के गौरव शुरू से ही होनहार रहे है और पढ़ाई के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी ढेर सारी उपलब्धि हासिल की है। शाला परिवार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं आशीर्वाद दिया।




# बढ़ती बेरोजगारी के विरोध डोंगरगढ़ विधानसभा युवा कांग्रेस का रोजगार दो न्याय दो मसाल रैली

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी पलक वर्मा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार, राजनांदगांव जिला युवा कांग्रेस के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डोंगरगढ़ शहर में युवा कांग्रेस द्वारा बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में जिलाध्यक्ष संदीप गहरवाल के उपस्थित में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव के नेतृत्व में राहुल गांधी की मुहिम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तर्ज पर रोजगार दो न्याय दो के नारे के साथ मशाल यात्रा निकाली गई।

विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार प्रति वर्ष 2 करोड़ रोजगार देने के वादे के साथ सत्ता में आई थी और आज पर्यंत 10 वर्ष होने जा रही अभी तक 2 करोड़ लोगो को भी रोजगार नहीं दे पाई है देश के सभी वर्गों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे है। जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस संदीप गहरवाल ने कहा कि राहुल गांधी का मुख्य उद्देश्य मुश्किल दौर से गुजर रहे बेरोजगार यूवाओं के साथ खड़े होकर उनकी आवाज बनकर न्याय दिलाने के लिए राहुल हजारों किलो मीटर चलकर मणिपुर से लेकर महाराष्ट्र तक सबको जोड़ने का कार्य कर रहे है। राहुल गांधी की युवा टीम युवा कांग्रेस रोजगार की मुद्दे को लेकर लगातार जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़ रही हैं।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डोंगरगढ़ शहर युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष तरुण फुले, डोंगरगढ़ ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहेल खान, घुमका युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अमित राजपूत, मुढ़ीपार युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उमेन्द्र वर्मा, विधानसभा महासचिव कृष्णा गुप्ता, सनी भाटिया, अक्षय चौरसिया, रजत पांडेय, गुलशन लिलहरे, पवन मोहबिया, उग्रसेन साहू, दुर्गेश सिन्हा, नागेन्द्र मार्कण्डेय, सदानंद कवर, राजेन्द्र वर्मा, केवल साहू, कीर्तन मंडावी, भूपेंद्र पटिला, सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुवे।



मोदी सरकार का हर साल 2 करोड़ रोजगार का वादा जुमला निकला-सौरभ वैष्णव

# महिलाओं को 12000 सालाना योजना का लाभ- परवेज अहमद



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना का लाभ बहुत जल्द यहां की महिलाओं को मिलने लगेगा यह बात कहते हुए भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज अहमद पप्पू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाओं के दिल में भाजपा सरकार के प्रति पूर्ण विश्वास है साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। श्री अहमद ने आगे कहा कि केंद्र और राज्य में विपक्ष पर बैठी कांग्रेस की बातों पर ना प्रदेश के महिलाओं को भरोसा है और देश की महिलाओं को भरोसा है उन्होंने उदाहरण दिया कि पिछले 2018 के चुनाव में प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की घोषणा कांग्रेस ने की थी और यह घोषणा करके महिलाओं सहित सभ्य समाज को धोखे में रखा और आखिरी तक अपनी घोषणा पूरी नहीं की तब से कांग्रेस पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं रहा गया है।

जबकि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साफ तौर से कह दिया है कि यह मोदी सरकार की गारंटी है कि महिलाओं को उनकी जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष 12000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। उनके खातों में ट्रांसफर किए जाएंगे 1000 रुपये महीना और 12000 रुपये सालाना के हिसाब से 5 साल में यह पूरी रकम प्रत्येक विवाहित महिला को 60000 रुपये मिलेगी। जो उन्हें उनकी जरूरत के हिसाब से बहुत ज्यादा तो नहीं मगर राहत प्रदान करने वाला आवश्यक है। कुछ लोग प्रदेश की महिलाओं को बरगलाने में लगे हैं। कि भाजपा ने घोषणा तो कर दी है। लेकिन इसमें क्राइटेरिया तय करके अधिकांश महिलाओं को इस योजना के लाभ से वंचित रखा जाएगा। जबकि ऐसा बिल्कुल भी नहीं है प्रत्येक गरीब विवाहित महिला की पहचान कर इस योजना का लाभ उन्हें अवश्य दिलाया जाएगा। सत्ता और संगठन मिलकर इस योजना के जल्द ही क्रियान्वयन के लिए गंभीर है। मानकर चलें कि लोकसभा चुनाव के पहले इस योजना को प्रदेश में प्रभावशील लागू कर चालू कर दिया है।

**प्रदेश की महिलाओं के दिल में भाजपा सरकार के प्रति पूर्ण विश्वास**

# भारत दुनिया में तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर -सचिन सिंह बघेल

## गांव चलों अभियान को लेकर भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक हुई




राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों के सिलसिले में भारतीय जनता पार्टी का महत्वपूर्ण चुनावी अभियान गांव चलों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल की बैठक आज भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल वरिष्ठ नेता सचिन सिंह बघेल, शिव वर्मा व मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में गांव चलों अभियान के लिये बूथ स्तर पर जाने वाले कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई तथा उन्हे बूथ में एक दिन रुक कर किये जाने वाले कार्यो के बिन्दु को बताया गया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई। जानकारी के अनुसार बूथों पर जाने वाले कार्यकर्ता बूथ समिति की बैठक लेंगे, जिसमें पन्ना प्रमुखों की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है। बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों के कार्यों का निर्धारण करना, नये मतदाता बनाना, व्हाट्सअप ग्रुप का निरीक्षण करना, यदि व्हाट्सअप ग्रुप नहीं बना तो ग्रुप बनाना, मतदाता सूची का निरीक्षण, नमो एप, सरल एप डाऊनलोड कराना सहित विकसित भारत के ब्रांड एंबेसडर बनाने कार्यो सहित अन्य कार्यो का बारिकी से अध्यन्न कराया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सचिन सिंह बघेल ने कहा कि 2024 का आम चुनाव देश व भाजपा के लिये अत्यंत महत्व के है। भारत दुनिया में तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। सन् 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है, ये सारे कार्य तभी संभव होंगे जब आसन्न लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार फिर से प्रतिष्ठित होगी। गांव चलों अभियान इसी तारतम्य में पार्टी संगठन द्वारा आयोजित है, इसे कार्यकर्ताओं को पूरी शक्ति लगाकर सफल बनाना होगा तभी हम राष्ट विकास की ओर अग्रसर हो सकेंगे।

उन्होंने कार्यशाला में गॉव चलो को लेकर मतदान केन्द्रों में किये जाने वाले 27 बिन्दुओं को परिभाषित करते हुये कहा कि प्रत्येक कार्य जमीन पर पार्टी की जड़ जमाने का कार्य है इसे हमस ब मेहनत ओर लगन से पूरा करेंगे तभी मोदी जी के सपनों को साकार किया जा सकता है। बैठक मे प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री मनोज साहू, मनहरण साहू, कृष्णकुमार दास, बलराम निर्मलकर, देवकुमारी साहू, पुष्पा उईके, आनंद साहू, परदेशी राम साहू, सहित मंडल पदाधिकारी, प्रत्येक बूथों में गांव चलों अभियान को लेकर जाने वाले प्रवासी कार्यकर्ता उपस्थित थें।










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com